

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 8 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 7- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 92 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ दिसंबर में घूम आएं मनाली सर्दियों में बन जाती हैं स्वर्ग

रणवीर सिंह को बैंड बाजा बारात के लिए किया कास्ट ◀◀ 6







## आवासीय कॉलोनी में घुसे तेंदुए को वन विभाग ने बेहोश कर पकड़ा

**जयपुर :** विद्याधर नगर इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब एक तेंदुए ने तीन लोगों पर हमला कर दिया। घंटों के अभियान के बाद तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

उप वन संरक्षक ने बताया कि शनिवार को विद्याधर नगर में एक तेंदुए के घुसने की सूचना मिली जिसके बाद तलाशी अभियान के दौरान तेंदुआ सीपीडब्ल्यूडी के सरकारी अतिथि गृह के बगीचे में मिला। उन्होंने बताया कि तेंदुआ सड़क पर आया और तीन लोगों पर हमला कर दिया। इलाके में भीड़ जमा हो गई और जानवर का पीछा कर उसका वीडियो बनाने लगी। वन विभाग के अलावा पुलिस और नागरिक सुरक्षा दल भी मौके पर पहुंच गया। बाद में तेंदुए को बेहोश कर पकड़ लिया गया।

गुप्ता ने बताया कि नाहरगढ़ वन क्षेत्र का बड़ा हिस्सा विद्याधर नगर क्षेत्र से जुड़ाहै ऐसे में भोजन की तलाश में तेंदुओं के आने-जाने की आशंका बनी रहती है। वन विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है जिनमें झालाना, आमागढ़ और नाहरगढ़ वन क्षेत्र में करीब 75 तेंदुए हैं। सबसे ज्यादा 45 तेंदुए झालाना में हैं। वहीं, 20 से ज्यादा तेंदुए आमागढ़ के जंगलों में हैं। आकड़ों के अनुसार पूरे राजस्थान में अनुमानित 920 से अधिक तेंदुए हैं।

# झारखंड विस का सत्र कल से,निषेधाज्ञा लागू

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, चार आईपीएस , 12 डीएसपी सहित 2000 जवान रहेंगे तैनात

मेट्रो रेज



**रांची:** झारखंड में विधानसभा चुनाव के बाद विधानसभा का पहला सत्र सोमवार (9 दिसंबर) से शुरू होगा। 4 दिनों तक के इस सत्र की तैयारी पूरी हो चुकी है। विधानसभा के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लगा दी गई है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों की रविवार को बैठक बुलाई गई है।

सीएम आवास में सत्ता पक्ष की बैठक 3 बजे सेः सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक 3 बजे से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास में बुलाई गई है। भाजपा ने शाम 7 बजे अपने विधायकों की बैठक पार्टी कार्यालय में बुलाई है। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता का चयन अब तक नहीं हो पाया है। ऐसे में नयी विधानसभा का पहला सत्र नेता प्रतिपक्ष के बिना ही होगा, ऐसा लग रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था में न हो कोई चूकः झारखंड विधानसभा का सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जो 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक ना हो, इसको लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सुरक्षा व्यवस्था में चार आईपीएस, 12 से अधिक डीएसपी रैंक के अधिकारी समेत 2000 अतिरिक्त पुलिस जवान तैनाती रहेंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर ट्रैफिक पोस्ट पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती की जायेगी। ताकि आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि सत्र को लेकर विधानसभा परिसर की 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा (धारा 163) लागू कर दी गयी है।

### किसानों का दिल्ली कूच शुरू

## किसानों को खदेड़ने के लिए हरियाणा पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले, तनाव बढ़ा



**चंडीगढ़ :** पंजाब के किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर फरवरी से शंभू बॉर्डर पर मोर्चा लगाकर बैठे हैं। हरियाणा उन्हें आगे नहीं जाने दे रहा। छह दिसंबर को भी किसानों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया था, लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर किसानों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। आज फिर किसान दिल्ली की तरफ बढ़े।

आंसू गैस के गोले छोड़ेः एक किसान ने जाली में कुंडी फंसाकर तोड़ने की कोशिश की तो पुलिस ने किसानों को खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े।

पुलिस ने किसानों को पिलाई चायः किसानों को पुलिस की तरफ से चाय-बिस्कुट दिए जा रहे हैं।

**किसानों से पहचान पत्र की मांगः** शंभू बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस की तरफ से किसानों के पहचान पत्र दिखाने को कहा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि हम पहले किसानों की पहचान करेंगे और फिर उन्हें आगे जाने देंगे। हमारे पास 101 किसानों के नामों की सूची है, और वे वे लोग नहीं हैं। वे हमें अपनी पहचान नहीं करने दे रहे हैं। वे भीड़ के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।

पुलिस-किसानों के बीच बहसः किसानों और पुलिस के बीच बहस शुरू हो गई है। हरियाणा पुलिस किसानों से दिल्ली जाने की अनुमति मांग रहे हैं।

**धरने पर बैठे किसानः** मीडियाकर्मियों को रोकने से नाराज किसान शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठ गए हैं।

**मीडिया को रोकने पर सवालः** शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार केंद्र सरकार के साथ किसी तरह का गठजोड़ कर रही है। आज जिस तरह से मीडिया को रोका जा रहा है, सीएम और अरविंद केजरीवाल को आगे आकर इस पर सफाई देनी चाहिए। वे कहते हैं कि वे किसानों और मजदूरों के साथ हैं, फिर वे मीडिया को क्यों रोक रहे हैं? भगवंत मान सरकार का चेहरा बेनकाब हो गया है। पहले हम केवल केंद्र सरकार के खिलाफ थे, लेकिन अब हमें राज्य सरकार से निपटना है। पंजाब सरकार केंद्र सरकार के कामों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। वहीं पटियाला के एसएसपी नानक सिंह ने कहा कि मीडिया को नहीं रोका गया है। हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है। लेकिन मीडिया को जानकारी देना जरूरी था। पिछली बार हमें पता चला था कि 3-4 मीडियाकर्मी घायल हो गए हैं। उससे बचने के लिए हमने मीडिया को जानकारी दी।

**किसानों ने अपनी तरफ से की बैरिकेडिंगः** किसानों ने शंभू पर खुद अपनी बैरिकेडिंग लगा दी है। इससे आगे कोई भी जनता नहीं जाएगी। इससे आगे केवल सुरक्षा वालंटियर, 101 मरजीवड़ा जत्था के सदस्य और मीडिया कर्मी ही जाएंगे।

## भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में फिर से बढ़ोतरी, कई हफ्ते की गिरावट के बाद आया उछाल

**नई दिल्लीः** भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर से बढ़ोतरी शुरू हो गई है, इसके साथ ही लगातार आठ हफ्ते की गिरावट पर लगाम भी लग गई है, जो कई महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार 1.510 बिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 658.091 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जैसा कि इस सप्ताह की शुरूआत में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से पता चला।

सितंबर में 704.89 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूने के बाद से भंडार में गिरावट आ रही थी। रुपये के तेज अवमूल्यन को रोकने के उद्देश्य से आरबीआई के हस्तक्षेप के कारण भंडार में गिरावट आ रही है। पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार बफर घरेलू आर्थिक गतिविधियों को वैश्विक झटकों से बचाने में मदद करता है। आरबीआई के नवीनतम आंकड़ों से पता चला है कि भारत की विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए), जो विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक है।

## जम्मू-कश्मीरः उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों के शव मिले

### आपसी झगड़े में पुलिसकर्मी ने पहले सहकर्मी को एके-47 से मारी गोली, फिर खुद की आत्महत्या



**जम्मूः** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में रविवार सुबह दो पुलिसकर्मियों के शव मिले हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिसकर्मियों की मौत गोली लगने से हुई है। घटना के पीछे आपसी रंजिश को कारण बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि दोनों पुलिसकर्मियों की मौत एक दूसरे पर गोली चलाने से हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे जिला मुख्यालय में काली माता मंदिर के बाहर पुलिस वैन में पुलिसकर्मियों के गोलियों से छलनी शव पड़े देखे गए। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए उधमपुर जिला अस्पताल ले गई। प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि दोनों पुलिसकर्मियों की मौत एक-दूसरे पर गोली चलाने के बाद हुई है।

उधमपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आमोद नागपुरे ने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके -47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था। दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई है, और एक अन्य घायल है जिसे निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीरियाः असद परिवार के 50 साल के शासन का अंत, देश छोड़कर भागे राष्ट्रपति

### राजधानी दमिश्क पर विद्रोहियों का कब्जा



**नई दिल्ली (एजेंसी):** सीरिया में विद्रोही और उग्र होकर राजधानी दमिश्क में प्रवेश कर गए हैं और भयंकर गोलीबारी की सूचना वहां से आ रही है। विद्रोहियों के दमिश्क पहुंचने की सूचना के बाद राष्ट्रपति बशर अल-असद वहां से भाग कर किसी अज्ञात स्थान के लिए रवाना हो गए हैं। दमिश्क में विद्रोहियों के प्रवेश और कब्जे से संबंधित कई सूचनाएं सोशल मीडिया में वायरल हो रही हैं, लेकिन अभी तक इन खबरों की पुष्टि किसी अधिकारिक स्रोत से नहीं हुई है।

**होम्स पर कब्जा करने के बाद दमिश्क की ओर बढ़े विद्रोहीः** सीरिया में विद्रोहियों ने पहले अलेप्पो शहर पर कब्जा किया और उसके बाद पांच दिसंबर को वे हामा पर भी कब्जा कर चुके थे। उसके बाद होम्स और फिर दमिश्क पर कब्जे की सूचना सामने आ रही है। विद्रोहियों का दावा है कि उन्होंने होम्स को पूरी तरह से आजाद कर लिया है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए फुटेज में बताया जा रहा है कि सैदनाया जेल से हजारों कैदियों को रिहा कर दिया गया है। इस जेल में बशर अल असद के विरोधियों को प्रताड़ित किया जाता था और रखा जाता था।

**2011 से गृहयुद्ध की आग में जल रहा है सीरियाः** 2011 में सीरिया में लोकतंत्र की मांग उठी और प्रदर्शन शुरू हुआ। जिसे वहां के अधिनायकवादी राष्ट्रपति बशर अल-असद ने क्रूरता पूर्वक दबाया और फिर लोकतंत्र के समर्थन में शुरू हुआ आंदोलन उग्र होता गया। अब सीरिया का गृहयुद्ध सिर्फ लोकतंत्र की मांग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें शिया-सुन्नी विवाद भी शामिल हो गया है।

## एडिलेड टेस्ट में टीम इंडिया की बड़ी हार, ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीता मैच, सीरीज 1-1 से बराबर

**एडिलेडः** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। पर्थ में खाला गया सीरीज का पहला मैच जहां भारत ने अपने नाम किया तो वहीं एडिलेड में खेला गया दूसरा मैच ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराकर अपने नाम कर लिया है। इस मैच में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबर हो गई हैं। सीरीज का तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर से खेला जाएगा।



बता दें कि भारतीय टीम ने इस मैच में अपनी पहली पारी में 180 पर ढेर हो गई थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाए थे। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 157 रनों की लीड मिली थी। वहीं, दूसरी पारी खेलने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत अच्छी नहीं रही और केएल राहुल 7 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद यशस्वी जायसवाल भी 24 रन बनाकर आउट हो गए। किंग कोहली भी इस मैच में कुछ खास नहीं कर पाए और 11 रन बनाकर चलते बने। शुभमन गिल से अच्छी पारी की उम्मीद थी लेकिन वह भी 28 रन बनाकर चलते बने। उधर, कप्तान रोहित ने एक बार फिर निराश किया और एक जीवनदान मिलने के बाद भी कमिंस के गेंद पर 6 रन बनाकर बोल्ड हो गए।

तीसरे दिन भारत को पंत के रूप में बड़ा झटका लगा। पंत स्टार्क की गेंद पर स्मिथ के हाथों 28 रन बनाकर कैच आउट हो गए। इसके बाद पैट कमिंस ने भारत को दो तगड़े झटके दिए। उन्होंने पहले अश्विन को 7 रन पर आउट किया और इसके बाद हर्षित राणा को 0 के स्कोर पर निपटा दिया। हालांकि नीतीश रेड्डी ने एक बार फिर बेहतरीन पारी खेली और 42 रन बनाए। वहीं, मोहम्मद सिराज 7 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस ने दूसरी पारी में सबसे अधिक पांच विकेट लिए, जबकि स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट चटकाए, जबकि स्टार्क को 2 विकेट मिले।

# आपस में टकराए तीन ट्रक लगी आग, एक चालक झुलसा





**मेट्रो रेज**

**सिल्लीः** मुरी गोला पथ पर लोदमू बांद्रा गाढ़ा के समीप सुबह के करीब साढ़े 9 बजे 3 ट्रक वापस में टकरा गया। जिससे तीनों ट्रकों में आग लग गयी। आग लगने की खबर फैलते ही अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी। घटनास्थल पर आसपास के लोग जमा हो गए और इसकी सूचना पुलिस एवं दमकल शाखा को दी। मामले की सूचना मिलते ही सिल्ली पुलिस सहित अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू किया। तीनों में से एक ट्रक के ड्राइवर को बड़ी मशक्कत के बाद ट्रक से बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि मुरी की ओर से दो ट्रक आगे पीछे चल रहा था । बांद्रा गाढ़ा के पास आगे चल रहे ट्रक का अचानक एक्सल टूट गया। चढ़ान होने के गाड़ी पीछे लुढ़कने लगा और पीछे से आ रहे ट्रक में तेज रफ्तार से जा टकराया । जिसके कारण आग लग गयी। इसी बीच तेज रफ्तार से गोला की ओर से आ रहा ट्रक भी वहां फंस गया और आग की चपेट में आ गया। किसी तरह से चालक ने अपनी सूझ-बुझ से गाड़ी को बाहर निकाला।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद का हुआ अभिनंदन



**मेट्रो रेज**

**गोमिया :** प्रखंड के पलिहारी गुरुडीह पंचायत अंतर्गत कोठीटांड चौक स्थित झामुमो कार्यालय में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद पहुंचे। यहां काफी संख्या में जुटे महिला- पुरुष झामुमो समर्थकों ने मंत्री योगेंद्र प्रसाद को 101 किलो का माला पहनाकर गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। अपने कार्यालय में उन्होंने ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना और समाधान किया। जिसके बाद वे हजारी तेली बस्ती पहुंचे। जहां काफी संख्या में जुटे महिला पुरुष ग्रामीणों ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में व्याप्त पेयजल की समस्या को उठाया। इस पर मंत्री जी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तेनुघाट के सहायक अभियंता को अविलंब समस्या के समाधान करने का निर्देश दिया। जिसके बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद गोमिया बैंक मोड स्थित गुरुद्वारा पहुंचे। यहां गुरु घर में उन्होंने मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारा कमेटी ने उन्हें सिरोपा देकर सम्मानित किया। इसके बाद मंत्री जी होसिर सुभाष चौक पहुंचे। यहां उन्होंने सुभाष चंद्र बोस के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समाधान करने की दिशा में कार्यवाही किया। इस अवसर पर झामुमो गोमिया प्रखंड अध्यक्ष लुदू मांझी, उपाध्यक्ष अमित पासवान, मुखिया बंटी उरांव, मुखिया रामवृक्ष मुर्म डॉ जितेंद्र कुमार, बद्री पासवान, राजेश भारती, राजेश जायसवाल, बिट्टू पटवा, विनोद अग्रवाल, पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, शंकर पासवान, राजू शाह, प्रकाश राय, मंजूर इलाही, चंदन पासवान, घनश्याम महतो, हेमू यादव, उमेश यादव, परवेज जफर, मो0 आमिर सोहेल, सनाउल्लाह, अशोक पासवान, विनोद रजक, उत्तम पटवा, केदार पासवान, राजेंद्र सिंह सलूजा, भूपेंद्र सिंह प्रिंस, रणजीत सिंह, बलवीर सिंह, विशाल जायसवाल,मनदीप बधावन, मनोज चंचल, ओमप्रकाश रविदास, बाबूचंद बेसरा, रूपेश पासवान, धीरेंद्र यादव, संतोष पासवान, मोहन राम सहित कई लोग मौजूद थे।

## नेशनल कराटे, बॉक्सिंग व स्केटिंग में डीएवी बरकाकाना ने लहराया परचम

**मेट्रो रेज**

**रामगढ़ः** डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के बच्चों ने नेशनल स्पोर्ट्स कराटे, स्केटिंग और बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया है। इसमें प्रतिभागी नन्हें खिलाड़ियों ने जबरजस्त दमखम दिखाते हुए 8 गोल्ड, 02 सिल्वर और 08 ब्राउंज मेडल हासिल कर पूरे भारतवर्ष में अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। बता दें कि नेशनल स्पोर्ट्स का आयोजन 2 से 4 दिसंबर तक नोयडा इंडोर स्टेडियम (गर्ल्स) और खेलगांव इंडोर स्टेडियम दिल्ली (ब्वायज) का आयोजन किया गया था। इस टूर्नामेंट में पूरे देशभर के 22 राज्यों के करीब 25 हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। डीएवी बरकाकाना के 52 सदस्ययी टीम शुक्रवार को ट्राफी और मेडल के साथ लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। बच्चों का जोरदार स्वागत बैंड के धुन, फूल वर्षा, माला पहना कर, मिठाई खिलाकर किया गया। इस टीम का सबसे नन्हा सदस्य आर्यन वर्ग तृतीय ने कराटे में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। टीम ने मीता गांगुली, कुतुबुद्दीन अंसारी, देवेंद्र कुमार, पूजा कुमारी, रवीना कुमारी, शशि पांडेय, संजय सोनकर की देखरेख में प्रदर्शन किया। डीएवी बरकाकाना के इतिहास में यह सुनहरा अवसर रहा जब डीएवी के राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में डीएवी बरकाकाना के बच्चों ने एक नया प्रतिमान गढ़ा है। इस अवसर पर नया नगर बरकाकाना के लोगों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों का स्वागत किया। इस अवसर पर आतिशबाजियां की गई। बच्चों के लिए यह यादगार क्षण था।

## सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश से मिले बिरंची नारायण



**बोकारो :** पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान हेतु, सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश से दिल्ली में मुलाकात किया । उन्होंने सेल अध्यक्ष से बोकारो में 100 बेड वाले ई। एस। आई।सी अस्पताल की स्थापना हेतु निःशुल्क भूखण्ड उपलब्ध कराने, कचड़ा निस्तारण प्लांट लगाने, ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना हेतु भूखण्ड उपलब्ध कराने की मांग रखी । उन्होंने अप्रेंटिसशिप पास विस्थापित अभ्यर्थियों को बोकारो इस्पात संयंत्र में नियोजन देने और बचे हुए अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द अप्रेंटिसशिप कराने को कहा । उन्होंने सेल अध्यक्ष से सी एस आर फण्ड की राशि विस्थापित गाँवों में सड़क, पूल, पुलिया, पेयजलापूर्ति, स्वास्थ्य उपकेंद्र, विद्यालय आदि के मद में खर्च करने को कहा । साथ ही साथ जनहित मुद्दों पर चर्चा की।

## संत माइकल स्कूल मुरी में एनुअल फंक्शन



**मुरी :** 18 से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। बच्चे अखबार पढ़े, लाइब्रेरी जायें। हमारे देश में सोलह लाख एनसीपी कैडर है। उक्त बातें सांसद संजय सेठ ने संत माइकल एनुअल फंक्शन में बोल रहे थे। काफी संख्या में लोग उनका भाषण सुन रहे थे।

### योजनाओ को लेकर एक्शन मोड में निगम के पदाधिकारी और अधिकारी, कहा

# समस्या का होगा त्वरित निष्पादन

### चास नगर निगम में प्रत्येक शुक्रवार होगा जनता दरबार का आयोजन





**मेट्रो रेज**

**बोकारो :** चास नगर निगम में अपर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई । जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । विकास योजनाओं को लेकर चास नगर निगम में प्रशासक सह अपर नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त सभी एक्शन मोड मे दिखें। शहरी सुविधाओं से लेकर सभी योजनाओं को तय समय में पूर्ण तथा सभी सुविधाओं का लाभ दिलाने हेतु अपर नगर आयुक्त के निदेर्शानुसार निगम में नागरिक सुविधा से लेकर साफ-सफाई तक कोई भी समस्या हो उसके लिए जनता दरबार प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित की जाएगी जिसमें जन सुविधाओं ,शिकायत निष्पादन के साथ-साथ निगम से संबंधित सभी मामलों को त्वरित निष्पादित किया जाएगा। सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी तथा जयपाल सिंह के निदेर्शानुसार सभी सुविधाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है साफ-सफाई से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 1800 5723626 है। शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु गठित धावा टीम के द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने ,शहर में अवैध रूप से होर्डिग पार्किंग से भी ही अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।अपर नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि शहरी जलापूर्ति योजना को भी जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा जिन्होंने भी अपना मीटर पंजीकृत नहीं करवाएं हैं,जल्द से जल्द करवा ले अन्यथा गठित धावा टीम के द्वारा जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी । साथ ही यदि किसी को भी योजना संबंधित कोई भी समस्या है तो उसे जनता दरबार में शुक्रवार को अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं ।बैठक में सहायक नगर आयुक्त कनीय अभियंता सहायक अभियंता सिटी मैनेजर, सिटी मिशन मैनेजर तथा सभी अधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

न्यूज ब्रीफ



## मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में छात्रों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**बोकारो :** मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल,बोकारो में छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य उद्देश्य यह था कि लक्ष्य पर कैसे ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश चौहान (एसडीओ, जेवीएनएल सीएचएएस) ने एक मनमोहक सत्र लिया जिसमें छात्रों को सलाह दी गई कि एंड्रॉइड फोन की लत छोड़ें और एक लक्ष्य चुनें और उस पर काम करें। अध्यक्ष हरिमोहन झा ने अपने संवाद मे कहा की छात्रों को अपना बहुमूल्य समय पढाई मे लगाना चहिये मोबाइल मे समय बर्बाद नहीं करना चाहिये।सचिव पीके।झा 'चंदन' ने कहा, जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करें। एमएपीएस के स्थायी आमंत्रित सदस्य आर।कुमार ने कहा, जीवन में लक्ष्य निर्धारण सबसे महत्वपूर्ण है मंच संचालन मोनिका मधु ने किया।

## पुरुलिया बॉर्डर के सामने कोयला लदे हाईवा को खनन विभाग ने किया जब्त

**बोकारो :** उपायुक्त बोकारो के निदेर्शानुसार बोकारो जिला के विभिन्य स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें पिंडराजोरा थाना अंतर्गत चास - पुरुलिया मुख्य पथ पर पिंडराजोरा- पुरुलिया बॉर्डर के सामने निरीक्षण के क्रम में अवैध रूप से कोयला खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक हाईवा को पकड़ा गया जिसे पिंडराजोरा थाना में जप्त कर प्राथमिकी दर्ज की गई।उक्त अभियान में खान निरीक्षक, जितेंद्र कुमार, खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

## डीटीओ ने सघन वाहन जांच अभियान चलाने का दिया दिशा-निर्देश




**बोकारो :** जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना शेजवलकर ने अपने कार्यालय कक्ष में सड़क सुरक्षा संबंधित बैठक की। बैठक में तीनों मोटर यान निरीक्षक, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन एवं सड़क सुरक्षा कोषांग के सदस्य व अन्य उपस्थित थे। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बैठक में सभी स्कूलों में परिचालित स्कूल बसों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच मोटरयान निरीक्षक द्वारा दैनिक स्तर पर करने, दस्तावेज अद्यतन नहीं होने पर एमबी एक्ट 1986 के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत संचालित स्कूल बसों एवं विद्यालय पर कार्रवाई करने, बैनर पोस्टर के माध्यम से स्कूल बसों में तय सुरक्षा मानकों के प्रचार प्रसार हेतु निर्देशित किया। डीटीओ ने जिला अंतर्गत विभिन्न दुर्घटनास्थलों पर एएनआर कैमरा लगाकर ऑनलाइन फाइन करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने का आदेश दिया है। वहीं, मोटर यान निरीक्षक को सभी वाहनों पर नियमानुसार रिफ्लेक्टिव टेप के जांच का आदेश दिया और दंडात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, नियमित स्तर पर हेलमेट एवं सीट बेल्ट की सघन जांच करने, वाहन इंश्योरेंस, वाहन फिटनेस आदि की भी जांच करना सुनिश्चित करने की बात कहीं।

## एनफोर्समेंट टीम ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं अपर नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में चास नगर निगम द्वारा गठित एनफोर्समेंट टीम एवं चास थाना द्वारा संयुक्त रूप से सड़क मार्ग से अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। यह अभियान मेन रोड, चास में सुभाष चौक से मुस्कान हॉस्पिटल गली तक चलाया गया। इस अभियान में फुटपाथ एवं सड़क किनारे स्थित व्यवसायिक दुकानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया एवं फुटपाथ पर सब्जी एवं फल विक्रेताओं को वेडिंग जोन में जाने के लिए निर्देशित किया गया और साथ ही साथ व्यापार अनुज्ञप्ति की भी जांच की गई। अभियान दल का नेतृत्व सहायक नगर आयुक्त जयपाल सिंह द्वारा किया गया। दल में नगर प्रबंधक अनूप गुंजन टोपनो, ललित नीलम लकड़ा, सिटी मिशन मैनेजर प्रशांत कुमार एवं कार्यालय कर्मी प्रवीन कुमार, मनीष कुमार हाजरा, अनिल कुमार रजवार, प्रकाश कुमार गोप, शिव शंकर सिन्हा, बंटी पाठक, राजेश साव एवं चास थाना के जवान शामिल थे।

## मनरेगा योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ



**मुरीः** सिल्ली प्रखंड में आज से तीन दिवसीय मनरेगा से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हो गया। जो 9 दिसम्बर तक चलेगा। योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्रोजेक्ट के माध्यम से सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव को जानकारी दी गई। तकनीकी विशेषज्ञ प्रमोद ठाकुर द्वारा मनरेगा से संबंधित विषयों पर वीडियो तकनीक के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दी । जिसमे रजिस्टर के संधारण, वर्क कोड खोलने,जाब कार्ड बनाने, और राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून की विस्तृत जानकारी दी गई। मनरेगा के सभी योजनाओं को आन लाइन किया गया। पंचायतों में ही सभी कार्य संचालन और निष्पादन किया जाएगा। शुरूआती प्रशिक्षण में दस पंचायत के मुखिया लालू उरांव, प्रज्ञा केंद्र संचालक क्युम , पंचायत सेवक सहित दर्जनों की संख्या में प्रशिक्षणार्थी पहुंचे थे।

## सीएम हेमंत ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर जताया शोक



**रांची :** सीएम हेमंत सोरेन ने पूर्व स्पीकर रवींद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि झामुमो के वरिष्ठ नेता और नाला से विधायक रवींद्रनाथ महतो के पिता गोलक बिहारी महतो के निधन की दुःखद सूचना मिली। मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।

## संजय सेठ ने किया पहाड़ी मंदिर के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास



**रांचीः** पहाड़ी बाबा की कृपा से परिसर के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं विधायक सीपी सिंह ने किया। यह पुनर्विकास कार्य दो फेज में क्रमशः 4 करोड़ 24 लाख और 2 करोड़ 48 लाख की लागत से संपन्न होगा। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि पहाड़ी मंदिर हमलोगों के अभिभावक के तौर पर हमेशा से आशीर्वाद देने के लिए खड़े रहते हैं, पहाड़ी मंदिर कैसे संरक्षित हो इसके लिए मेरा प्रयास काफी दिनों से चला आ रहा था। कहा कि आज इसका कार्य पूर्ण हुआ है। अभी तो इसकी शुरूआत है आगे भी पहाड़ी बाबा के लिए और भी सारे कार्य किए जायेंगे। अभी इसमें बाउंड्री वॉल, गार्डवाल, सिढी, भव्य मेन गेट, मंदिर परिसर में टाइल्स, लाइट, यज्ञ शाला का निर्माण होना है। मौके पर मुकेश मुक्त, राहुल चौधरी, संजीव चौधरी, फिरंगी साव, संजीव साहू, अनिल गुप्ता, सुबेश पांडे, सुधीर सिंह, शुभम जायसवाल, अशोक मुंडा, बिनोदवर्मा, प्रदीप ठाकुर, समेत बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित थे।

## सुरेश बैठा से मिले अजय यादव



**बुढ़मू :** कांग्रेस पार्टी के कांके विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक सुरेश कुमार बैठा से बुढ़मू प्रखंड के राष्ट्रीय जनता दल पार्टी के युवा तेज तर्रार प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने शिष्टाचार गुलदस्ता देकर मुलाकात की। और कांके विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव ने विधायक सुरेश बैठा से मिलकर बुढ़मू एवं कांके विधानसभा क्षेत्र में विकास करने से संबंधित कई बातें को रखा। और बुढ़मू प्रखंड के साथ - साथ कांके विधानसभा क्षेत्र में सरकार के सभी सरकारी योजनाओं को जल्द धरातल पर उतारकर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास करने को लेकर बात रखा। साथ ही प्रखंड अध्यक्ष अजय यादव ने बुढ़मू प्रखंड में ग्रामीणों के लिए जल्द जनता दरबार लगाकर गरीबों, असहायों के साथ ग्रामीणों की समस्या सुनने को लेकर भी विधायक से बात रखा। मौके पर दिवाकर यादव, समेत इंडिया गठबंधन पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष से मिले देवेश खान



**रांचीः** बॉलीवुड एक्टर देवेश खान ने रविवार को अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से उनके आवास हिंदपीढ़ी में मुलाकात की । शमशेर आलम ने देवेश खान का स्वागत किया और खुशी जाहिर की। उपाध्यक्ष शमशेर आलम के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए उनकी तारीफ की ।

## नई चेतना 3.0 के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान का आयोजन



**सिमडेगाः** ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार द्वारा नई चेतना 3.0 के अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान का एकदिवसीय कार्यक्रम वन स्टॉप सेंटर, सिमडेगा में समाज कल्याण विभाग एवं पलाश झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी सिमडेगा के द्वारा आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जेंडर रिसोर्स सेंटर/जेंडर जस्टिस सेंटर में कार्य कर रही पारा लीगल जेंडर सीआरपी एवं जेंडर सीआरपी को जेंडर आधारित हिंसा जिसमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, महिला तस्करी, डायन कुप्रथा, दहेज प्रथा, एसिड अटैक, बाल विवाह, बाल मजदूरी, साइबर क्राइम इत्यादि विषयों में विशेष जानकारी दी गई ताकि भविष्य में इन विषयों के विरुद्ध काबू पाया जा सके। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज कल्याण विभाग के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमणि कुमारी और पलाश जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सुश्री शांति मार्डि के अगुवाई में किया गया। तथा इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर के केन्द्र प्रशासक द्वारा महिला हेल्पलाइन और अन्य सुविधाओं की जानकारी दी तथा जेएसएलपीइस से डीएम इसडी कैलाश कुमार ने जेंडर रिसोर्स सेंटर/जेंडर जस्टिस सेंटर के कार्य की जानकारी दी और कार्यक्रम के अंत में जेंडर शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम में सिमडेगा जिले के दस प्रखंड के पारा लीगल दीदियां एवं जेंडर सीआरपी साथ ही कार्यक्रम के द्वारण डीएम स्किल, वन स्टॉप सेंटर के सभी कर्मी उपस्थित थे।

## मानव तस्करी की शिकार युवती को सकुशल घर भेजा गया

**सिमडेगाः** जिला के बानो प्रखंड के अंतर्गत जराकेल ग्राम के निवासी रतन बड़ाईक और उनके सहयोगी निरज केरकेट्टा ने एक अद्भुत कार्य किया है। उन्होंने सिमडेगा जिला के ताराबोगा ग्राम की अमिशा तिर्की नाम की युवती को मानव तस्करी के चंगुल से मुक्त कराया है। अमिशा तिर्की को दिल्ली में बेच दिया गया था, जहां वह 2015 से काम कर रही थीं। जब रतन बड़ाईक और निरज केरकेट्टा को इस बारे में पता चला, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और दिल्ली में अमिशा तिर्की को ढूंढ निकाला। उन्होंने दिल्ली सरकार के डब्ल्यूडीसी विभाग के माध्यम से अमिशा तिर्की को उनके काम के पैसे दिलाने में भी मदद की। अमिशा तिर्की को उनके 7 साल के काम के पैसे मिले हैं।

### डीजीपी ने रेंज के डीआईजी और जिले के एसपी को आदेश किया जारी

# आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता

**रांची :** आम जनता से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। इसको लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रेंज के डीआईजी और जिले के एसपी को आदेश जारी किया है। डीजीपी ने राज्य के सभी जिलों में थाना प्रभारी व थाना के अन्य कर्मियो को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के संबंध में कई दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं।



डीजीपी ने तुरंत मामला दर्ज करने का दिया निर्देशः डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि साइबर अपराध, एसटी, एससी, मानव तस्करी और महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाना में ही मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई करें। किसी भी पीड़िता के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किये बिना अविलंब आवेदित थाना में मामला दर्ज करें। सभी रेंज के डीआईजी और एसपी को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिला और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों द्वारा आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे अपनी शिकायतों को वरीय अधिकारियों के पास दर्ज करा सकें।

**जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए करें प्रेरितः** डीजीपी ने जारी दिशा निर्देश में कहा है कि एसपी और रेंज के डीआईजी भ्रमण के क्रम में थानेदारों और थाना में पदस्थापित मुंशी और अन्य कर्मियों को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करें। डीजीपी ने इस संदर्भ में सीआईडी आईजी और स्पेशल आईजी को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिला में उनके इकाई से प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी/पुलिसकर्मियों को निर्देश दें कि वे जनता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों पर निगाह रखें। यदि इस तरह कोई मामला सामने आता है तो तुरंत इसकी जानकारी हमे दें।

### विश्व दिव्यांग दिवस

# एक शाम दिव्यांगों के नाम संस्कृतिक सह सम्मान समारोह का आयोजन




मेट्रो रेज

**रांची :** विश्व दिव्यांग दिवस पर एक शाम दिव्यांगजनों के नाम संस्कृति सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। आंड्रे हाउस ऑडिटोरियम रांची में ये कार्यक्रम झारखंड दिव्यांग स्पोर्ट्स एंड वेलफेयर एकेडमी, विकलांग राहत सेवा संस्था, डिसएबल्ड स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड, डी आर डी फाउंडेशन के द्वारा , कौशल विकास विभाग झारखण्ड , सीएमपीडीआई, जेके इंटरनेशनल, शिव शिव परिवार, एम कोचिंग इंस्टिट्यूट, पंजाब नेशनल बैंक, सुधा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विषरूप ठाकुर प्रोग्राम मैनेजर, कौशल विकास विभाग झारखंड ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम समय-समय पर करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगों को समाज और संस्कृति से जोड़ना। कार्यक्रम में वीकर्स सोसायटी के तनवीर आलम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का मकसद है कि दिव्यांगों को एक सही प्लेटफॉर्म मिले। कार्यक्रम में दिव्यांगों ने अपनी कला का भी शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान ऐसे दिव्यांग जो अलग-अलग क्षेत्र में अपना पहचान बन चुके हैं उन लोगों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर आफताब आलम ने कहा कि झारखंड के कई संस्थान दिव्यांग के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। इस मौके पर जयपुर फूट के संचालक ललित केडिया, कमल अग्रवाल,तनवीर आलम, जेएमएम नेता आजम अहमद,सज्जाद इदरीसी, जाहिद नौशाद, नितिन गौतम, मोजेक कंपनी, मुस्कान सोनी, कुनिल कुमार,मुकेश कुमार कंचन, मकसूद, अतहर अली, शमशेर राही,कलाम खान, तबरेज, इरफान, गुलाम मुस्तुफा समेत कई लोग मौजूद थे।

## लापरवाही करने वालों को बख्शा नहीं जायेगाः इरफान अंसारी



**रांची/जामताड़ाः** सोमवार को इरफान अंसारी झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री का कार्यभार संभालने जा रहे हैं। पदभार संभालने से पहले उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार को लेकर कई अहम घोषणाएं की हैं। मंत्री ने कहा कि अगर किसी निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मरीज की मौत होती है, तो शव को बिना बिल चुकाए परिजनों को सौंपना होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम अस्पतालों के मनमाने रवैये को रोकने के लिए उठाया जाएगा, और ऐसा नहीं करने वाले अस्पताल संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि निजी अस्पतालों ने इलाज को व्यवसाय बना लिया है, और आयुष्मान योजना के मापदंडों का पालन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस योजना के तहत सभी अस्पतालों को आवश्यक मापदंडों का पालन करना होगा। जो अस्पताल मापदंडों में गड़बड़ी करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयुष्मान कार्ड वाले मरीजों के इलाज में अनियमितताओं पर मंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों की उच्चस्तरीय जांच की जाएगी, और दोषी पाए गए अस्पतालों को सील कर उनके मालिकों को जेल भेजा जाएगा।

मंत्री ने सरकारी अस्पतालों के सुधार की बात भी की। उन्होंने कहा कि झारखंड के सरकारी अस्पतालों को दिल्ली के अस्पतालों के स्तर तक बेहतर बनाया जाएगा, ताकि मरीजों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## खिजरी के विधायक राजेश कच्छप को समाजसेवी शंभू सिंह ने किया सम्मानित

**रांची/नामकुमः** एचईसी (धुर्वा) क्षेत्र के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता



शंभू सिंह ने शनिवार को खिजरी के विधायक राजेश कच्छप के लुपुंगटोली (नामकुम) स्थित आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर श्री सिंह ने विधायक राजेश कच्छप को पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि युवा और कर्मठ विधायक राजेश कच्छप के प्रति खिजरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें विजयी बनाकर विधानसभा भेजा है। श्री कच्छप जनहित के प्रति सदैव समर्पित रहे हैं। जन समस्याओं के यथाशीघ्र निदान की दिशा में उनकी तत्परता एक आदर्श जनप्रतिनिधि का परिचायक है। श्री सिंह ने कहा कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सदैव तत्पर रहने वाले जनप्रतिनिधि श्री कच्छप की कार्यशैली अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने विधायक श्री कच्छप को नई पारी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सौदाग पंचायत के मुखिया श्री पतरस सहित अन्य मौजूद थे।

# हेमंत सरकार का यह कार्यकाल विकास को और गति देगाः सुप्रियो

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासिचव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इस चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कार्यकाल राज्य के विकास को पहले से अधिक गति देगा। वह शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन के बाद उन्होंने अपने सहयोगियों को पहले दिन ही आगाह कर दिया कि जनहित में उनका मंत्रिमंडल में रहना कितना जरूरी है। कहा, हमने सरकार आपके द्वार जो कार्यक्रम शुरू किया, जिसके तहत बीडीओ सीओ से लेकर अन्य पदाधिकारी गांव-गांव में शिविर लगाते हैं। कहा कि अब मंत्रियों को भी कहा गया है कि वे अपने-अपने विभाग की समीक्षा जिला स्तर पर जाकर करेंगे।

**9 को संवैधानिक तौर पर हो जायेगा विधानसभा का गठनः** उन्होंने कहा कि 9 तारीख से संवैधानिक तौर पर भी विधानसभा का गठन हो जायेगा। कहा कि ये मंत्रिपरिषद हमारे घोषणा पत्र में किये गये वादों के



तहत काम करेगी, कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार की ओर से किये गये कमिटमेंट को पूरा किया जायेगा। कहा कि योजनाओं से प्रभावित होने वाली जनता से सीधा संवाद करें, जिनको कठिनाई हो रही हो उनकी सुने, कहा कि केवल विधायक ही नहीं, जो भी उस इलाके का जन प्रतिनिधि है, चाहे वह वार्ड का सदस्य ही क्यों न हो, उनके साथ भी एक संवाद कायम करें। इसमें दलगत भावना न हो, हमारी प्राथमिकता ईमानदारी से लोगों की सेवा करने की होनी चाहिये। क्योंकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक नई लकीर खींचने के लिए जनता ने जवाबदेही दी है।

**जवाबदेही को पूरा करना पूरी मंत्रिपरिषद की है जिम्मेदारीः** कहा कि इस जवाबदेही को पूरा करना पूरी मंत्रिपरिषद की जिम्मेदारी है, मंत्रिपरिषद शायद पहली ऐसी मंत्रिपरिषद है जिसमें ओबीसी को सबसे अधिक प्रतिनिधित्व दिया गया है, कहा कि इस वर्ग से सात मंत्री बनाये गये हैं, इसके बाद जनजातीय समूह से मंत्री हैं। उनको भी क्षेत्रवार प्रतिनिधित्व मिला है, कहा कि ये एक समग्र मंत्रिमंडल है, कहा कि जो विधायक चुनकर इस बार आये हैं, उनमें सबसे बड़ी भागीदारी ओबीसी समाज की है। पहले कुछ खास जातियों को ही इसका लाभ मिलता था, किंतु इस बार ये स्थापित हुआ कि सर्वजन का विकास हो, सर्वजन का विश्वास इस सरकार के साथ है, उन्होंने कहा, जहां इस तरह के उच्च मापदंड स्थापित किये जा रहे हैं, वहीं भाजपा के द्वारा जो निम्न स्तरीय हरकतें की जा रही हैं, वो लोकतंत्र को भी शर्मसार कर रहा है। कहा कि राज्यसभा में जब विपक्ष किसानों के हित की बात कर रहे थे। तब दूसरी तरफ शंभू बॉर्डर पर किसानों पर गोलियां चल रही थीं, कहा, हमलोग जानते हैं, हमलोगों के पास एक दायित्व आया है, और हमको दायित्वों का निर्वहन करना है।

## पशु तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़

**खूंटीः** जिले में पुलिस ने डीजीपी के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए रविवार सुबह पशु तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। इस अभियान के तहत पुलिस ने 33 पशुओं को मुक्त कराया और पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। ये पशु एक 14 चक्का कंटेनर में भरकर पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे थे।डीएसपी वरुण रजक को सूचना मिली थी कि खूंटी-तमाड़ मार्ग पर पशुओं की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने देर रात इलाके में सघन जांच अभियान शुरू किया। इसी दौरान एक संदिग्ध कंटेनर को रोका गया। जांच में उसमें 33 पशु पाए गए, जिन्हें अवैध रूप से तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक, इस अवैध धंधे में खूंटी, रांची और आसपास के जिलों के कई लोग शामिल हैं। डीएसपी वरुण रजक ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ जारी है। पूछताछ के दौरान कई और तस्करों के नाम सामने आए हैं। मामले की गहन जांच की जा रही है, और जल्द ही अन्य तस्करों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। डीएसपी ने आश्वासन दिया कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 6 जनवरी से

**रांचीः** दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का मुख्य संरक्षक अर्चित आनंद को चुना गया। उन्होंने कहा कि शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन रांची की ओर से पंचायत खेल मैदान बरतुआ-गणेशपुर में पांच दिवसीय दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 6 जनवरी होगा, जो 10 जनवरी 2025 तक चलेगा। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग लेगी। विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद एवं बड़ा शिल्ड, उपविजेता 31 हजार रुपये नगद एवं छोटा शिल्ड, वहीं सेमीफाइनल में हारे दोनों टीमों को 6100-6100 रुपये नगद एवं शिल्ड दिया जायेगा। प्रवेश शुल्क 5100 रुपये है। टूर्नामेंट में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर तक है। इच्छुक टीमें इस नंबर 9798944537, 8709818831 पर संपर्क कर भाग लें सकती हैं। टूर्नामेंट को सफल बनाने में शिव शिष्य परिवार गुरगाई, ओरमांझी, आश्रम में जयडीहा पंचायत के पुर्व मुखिया विनोद बेदिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। मौके पर आर्चित आनंद मुख्यसलाहकार, शिव शिष्य परिवार रांची संतोष गुप्ता, दीपक बडाईक, नीलाम्बर खरवार, नीतीश कुमार, विनोद कुमार महतो, दीपक नायक, रामप्रसाद गंझू, जीवन लाल मुंडा, मोहीत करमाली, दिनेश करमाली, जयबीर बेदिया एवं रमेश कुमार महतो शामिल हैं।

### झारखंड में बारिश के आसार

# साइक्लोनिक सर्कुलेशन का दिखेगा असर, तापमान गिरने से बढ़ेगी कनकनी

संवाददाता

**रांचीः** बंगाल की खाड़ी में बने पश्चिमी विक्षोभ की वजह से एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना है। इसका असर झारखंड में तीन दिन तक देखने को मिलेगा। रविवार से ही इसका असर दिखने लगेगा।

**8 से 10 दिसंबर तक अलग-अलग हिस्से में बारिश का अनुमान** : भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि झारखंड के मौसम का मिजाज रविवार से बदल जाएगा। 8, 9 और 10 दिसंबर को राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हल्के से



मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। कहीं-कहीं गरज के साथ वज्रपात भी हो सकता है।

**9 दिसंबर को उत्तर-पश्चिमी हिस्से को छोड़ पूरे झारखंड में वर्षा संभव** : मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 8 और 9 दिसंबर को हल्की बारिश हो सकती है। 8 दिसंबर को पश्चिमी और मध्य हिस्से में बदले मौसम का असर सबसे अधिक दिखेगा। गरज के साथ वज्रपात भी हो सकती है। 9 दिसंबर को उत्तर-पश्चिमी झारखंड को छोड़कर प्रदेश के शेष हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

**दो से तीन डिग्री तक गिरेगा दिन का तापमानः** मौसम केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ से एक साइक्लोनिक सरकुलेशन बन रहा है। यह साइक्लोनिक सर्कुलेशन बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आ रहा है। इससे दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। न्यूनतम तापमान बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि संताल परगना और अन्य हिस्सों में 10 दिसंबर को भी हल्की बारिश हो सकती है।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्याः एस.एण्ड.टी/बी. के. एन ईटी 29 7R; कार्य का नाम व स्थानः बीकानेर मंडल के 58 स्टेशनों पर लगें डाटालोगर तथा 10 समपार फाटकों पर लगें RTU का तीन वर्ष के लिए वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध का कार्य। अनुमानित लागतः 17517821.94; Bid Security: 237600.00; निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः 18.12.2024 को 15:00 बजे तक; वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है। www.ireps.gov.in

1399-AN/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

# दिसंबर में घूम आएं मनाली सर्दियों में बन जाती हैं स्वर्ग



सर्दियों में मनाली घूमने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। क्योंकि यहां पर एडवेंचर, बर्फबारी और प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलती है। एक ही महीने में आपको यहां पर कई चीजों का नजारा देखने को मिल जाता है। हिमालय की गोद में बसे इस खूबसूरत हिल स्टेशन पर आपको दिसंबर के महीने में बहुत भीड़ देखने को मिलेगी। ठंड के मौसम में बर्फ से ढके पहाड़ों का नजारा देखने वाला होता है। यहां पर देवदार के जंगल, सफेद चादर से ढकी घाटियां और बर्फ से ढके पहाड़ इस जगह को सर्दियों में स्वर्ग बना देती है ।ऐसे में अगर आप भी दिसंबर महीने में मनाली घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको बर्फबारी का सही समय पता होना बेहद जरूरी है। क्योंकि मनाली के पास कई जगहों पर दिसंबर महीने में बर्फबारी नहीं होती है। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको मनाली की खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दिसंबर महीने में अच्छी-खासी बर्फबारी होती है।

## स्पीति घाटी

बता दें कि मनाली के पास स्थिति स्पीति घाटी को दिसंबर महीने में बर्फबारी के लिए बेहद खास माना जाता है। यहां पर दिसंबर महीने में आपको यहां पर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ बर्फ से ढके हुए नजर आएंगे। समुद्र तल से करीब 12,500 फीट की ऊंचाई पर स्थिति इस जगह पर आप स्नोफॉल का सुंदर नजारा देख सकते हैं। यहां पर एक कामिक नाम का गांव है, जो हिमालय की सबसे ऊंचाई र बसा गांव है। इसकी ऊंचाई करीब 4,513 मीटर है। अगर आप भी दिसंबर महीने में स्नोफॉल देखना चाहते हैं, तो आपको दिसंबर महीने में यहां पर आना चाहिए। यह मनाली की सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

## किन्नौर

दिसंबर के महीने में बर्फ का सुंदर नजारा देखने के लिए आपको दिसंबर महीने में किन्नौर जा सकते हैं। कभी-कभी बर्फ से ढकी चोटियां आपको उड़ते पहाड़ों की तरह अहसास करवाएगी। किन्नौर में एक बेहद खूबसूरत जगह है, जिसका नाम सांगला वैली है। अगर आप भी यहां जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको इस वैली का नजारा जरूर देखना चाहिए। दिसंबर का समय यहां पर बर्फ देखने के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। मनाली में घूमने के लिहाज से कई अच्छी जगहें हैं।

## चंबा

अधिक ऊंचाई पर स्थिति होने के कारण आपको यहां पर ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिलेगी। इसलिए आपको ज्यादा फायदा होगा। चंबा की सबसे अच्छी बात यह है कि दिसंबर और जनवरी के महीने में आपको यहां अपने चारों ओर बर्फ की सफेद चादर नजर आएगी। ऐसे में जो लोग मनाली के आसपास सिर्फ बर्फ का नजारा देखने के लिए घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप चंबा जा सकते हैं।

# मस्कारा लगाए बिना ही पलकें दिखेंगी आकर्षक और लंबी-घनी



**खूबसूरत** आंखें सुंदरता में चार चांद लगा देती है। इसलिए आईमेकअप काफी जरुरी होता है। अब रोज-रोज आईमेकअप करना सही नहीं होता है। अगर आप डेली पलकों को घनी-लंबी और खूबसूरत चाहते हैं तो इन टिप्स को फॉलो जरुर करें। आमतौर पर खूबसूरत आंखें दिखाने के लिए मस्कारा या फिर फेक आईलैशेज का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन रोजाना आईमेकअप करना भी ठीक नहीं होता है, वरना आंखों की पलके टूटने लगती है, इससे अच्छा आप अपनी पलकों को आकर्षक और लंबी-घनी दिखाने के लिए इन टिप्स को अपनाएं।

### पेट्रोलियम जेली का करें प्रयोग

अगर आप बिना मस्कारे के अपनी आई लैशेज को लंबा-घना और खूबसूरत दिखने के लिए वेसलिन आपकी खूब मदद कर सकता है। आप किसी पुराने मस्कारे के ब्रश को लें और उस पर पेट्रोलियम जेली अप्लाई कर सकते हैं। अब इसे आप पलकों ठीक वैसे ही लगाएं जैसे आप मस्करा लगाते हैं।

### ऑलिव ऑयल और कैस्टर ऑयल का करें प्रयोग

पलकों को अपनी घनी-लंबी और खूबसूरत दिखाने के लिए ऑलिव ऑयल और कैस्टर ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। क्लीन मस्कारा ब्रश से अपनी उंगलियों के प्रयोग करने से थोड़ा सा ऑयल लें। फिर आप इस पलकों पर लगाते हुए उन्हें ऊपर की तरह लिफ्ट करें। इसको करने से आपकी पलकें शाइनी औक अपलिफ्ट दिखेंगी। लेकिन ध्यान रहे कि ऑयल की क्वांटिटी काफी कम रखें। ये आपके मेकअप का लुक भी बिगाड़ सकता है।

### एलोवेरा जेल लगाएं

आईलैशेज को लंबा-घना दिखाने के लिए के एलोवेरा जेल का यूज करें। इसके लिए आप थोड़ा सा एलोवेरा जेल लें और मस्कारे की तरह अपनी आइलैशेज पर जरुर अप्लाई करें। इसके यूज से पलकें नेचुरली शाइन करती है, लंबी और घनी दिखती हैं।



# विंटर में रोजाना सुबह गर्म पानी में नींबू मिलाकर पीने से शरीर को मिलते हैं गजब के बेनिफिट्स

अगर आप सर्दी की सुबह गर्म पानी के साथ नींबू पानी पीते हैंस तो शरीर को कई फायदे मिलते हैं। विंटर में खुद को स्वस्थ रखने के लिए गर्म पानी के साथ नींबू का पानी जरुर पीना चाहिए।

## सर्दियों में गर्म पानी में नींबू मिलाकर पानी पीने के फायदे

### विटामिन सी प्रदान होता है

नींबू में सबसे ज्यादा विटामिन सी की मात्रा पाई जाती है। सर्दियों के दौरान, जब सर्दी और फ्लू होने का खतरा ज्यादा रहता है, तो ऐसे में विटामिन सी का सेवन बढ़ाने से आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मदद मिल सकती है। एक अध्ययन के मुताबिक, विटामिन सी श्वसन संक्रमण की अवधि और गंभीरता को कम करने में मदद मिल सकती है। इसलिए अपने दिन की शुरूआत गर्म नींबू पानी से करें।

### पाचन में सहायक

नींबू के साथ गर्म पानी स्वस्थ पाचन को बढ़ावा दे सकता है। नींबू के रस क जो गैस्ट्रिक एसिड के उत्पादन को प्रोत्साहित करने में मदद करती है, जो भोजन को पचाने के लिए आवश्यक है। जर्नल ऑफ क्लिनिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चलता है कि बेहतर पाचन से सूजन और असुविधा सहित अपच के लक्षणों को कम किया जा सकता है। इस मिश्रण को खाली पेट पीने से आपके पाचन तंत्र को अगले दिन के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है।

### शरीर को हाइड्रेट रखता है

सर्दी के समय खुद को हाइड्रेट रखना काफी महत्वपूर्ण रखना जरुरी है। बाहर की ड्राई हवा और ठंडे मौसम से डिहाइड्रेशन हो सकता है। सुबह गर्म नींबू पानी पीने से बॉडी का समग्र कल्याण होता है।

### वजन कंट्रोल करता है

गर्म नींबू पानी वजन प्रबंधन में भी सहायता कर सकता है। कुछ अध्ययनों से पता चलता है कि भोजन से पहले नींबू पानी पीने से कैलोरी की मात्रा कम करने में मदद मिल सकती है, जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, नींबू में पेक्टिन फाइबर होता है, जो तृप्ति की भावना को बढ़ावा दे सकता है। एपेटाइट में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि पानी के अधिक सेवन से भूख कम हो सकती है और वजन घटाने के परिणामों में सुधार हो सकता है।

***डिस्क्लेमर:** इस लेख के सुझाव सामान्य जानकारी के लिए हैं। इन सुझावों और जानकारी को किसी डॉक्टर या मेडिकल प्रोफेशनल की सलाह के तौर पर न लें। किसी भी बीमारी के लक्षणों की स्थिति में डॉक्टर की सलाह जरूर लें।*

# शादी में नजर आएंगी सबसे अलग जब साड़ी में लगाएंगी ग्लैमर का तड़का

## स्टाइल करें सेक्विन वर्क वाली रेड साड़ियां



**शादी** जैसे किसी भी खास मौके के लिए महिलाएं अपने लुक से लेकर आउटफिट तक का चुनाव बड़ी सावधानी से करती हैं। शादी जैसे फंक्शन में पहनने के लिए आउटफिट में साड़ी भी शामिल है। शादी के मौके पर महिलाएं साड़ी पहनती हैं और साड़ी में आपको कई ऑप्शन मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आपको सेक्विन वर्क वाली रेड साड़ी पहननी चाहिए। सेक्विन वर्क वाली रेड साड़ी आप शादी जैसे खास फंक्शन में पहन सकती हैं और आप इस तरह की साड़ी पहनकर भीड़ में अलग नजर आएंगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ बेहद खूबसूरत सेक्विन वर्क वाली रेड साड़ी के बारे में बताने जा रहे हैं।

### सेक्विन वर्क जॉर्जेट साड़ी

बता दें कि आप शादी में सेक्विन वर्क वाली जॉर्जेट साड़ी पहन सकती हैं। इस साड़ी को पहनकर आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इस साड़ी के साथ आप स्ट्रेप या फॉर हाफ स्लीवलेस ब्लाउज पहन सकती हैं। इस साड़ी में आपको कई डिजाइन मिल जाएंगी। मार्केट में 2,000 से 3,000 रुपए तक में इस तरह की साड़ी आसानी से मिल जाएंगी। इस साड़ी के साथ आप कुंदन या फिर मिरर वर्क डिजाइन वाली ज्वेलरी वियर कर सकती हैं।

### सेक्विन वर्क शिफॉन साड़ी

अगर आप शादी में कुछ नया ट्राई करने की सोच रही हैं, तो आपको सेक्विन वर्क शिफॉन साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। न्यू लुक के साथ सेक्विन वर्क शिफॉन साड़ी आपके स्टाइलिश लुक में चार चांद लगाने का काम करेगी और आप इसमें बेहद खूबसूरत नजर आएंगी। आपको आसानी से यह साड़ी ऑनलाइन और ऑफलाइन में 2,000 से 4,000 रुपए के बीच में मिल जाएगी। इस तह की साड़ी के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी या फिर चोकर वाली ज्वेलरी पहन सकती हैं।

### सेक्विन वर्क नेट साड़ी

आप शादी में पहनने के लिए सेक्विन वर्क नेट साड़ी का चुनाव कर सकती हैं। यह साड़ी नेट में है और इसमें फ्लोरल डिजाइन में सेक्विन वर्क किया है। यह आपके लुक में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस साड़ी के साथ आप झुमके पहन सकती हैं।

# हैवी ब्रेस्ट के लिए महिलाएं बनवाएं ऐसे डिजाइनर ब्लाउज, मिलेगा परफेक्ट लुक

हैवी ब्रेस्ट की वजह से डिजाइनर ब्लाउज पहनने के बाद अच्छे नहीं लगते हैं। लेकिन देखने में यह काफी अच्छे नजर आते हैं। ऐसे में आप भी कुछ अलग डिजाइन को देखकर टेलर से ब्लाउज तैयार करवा सकती हैं।





**साड़ी हो या लहंगा** एथनिक आउटफिट पहनना लगभग हर महिला को पसंद होता है। शादी या फिर किसी फेस्टिलवल के मौके पर इस तरह के आउटफिट सबसे ज्यादा पहने जाते हैं। इसलिए इन्हीं दिनों में एथनिक आउटफिट की सबसे ज्यादा खरीददारी की जाती है। तो वहीं महिलाओं को कुछ अलग डिजाइन के कपड़ों को ट्राई करना पसंद आता है। इनमें से बहुत सारे ऐसे डिजाइन होते हैं, जो अच्छे लगते हैं। लेकिन कई बार इनको पहनने में हम कंफर्टेबल फील नहीं करते हैं। हैवी ब्रेस्ट की वजह से डिजाइनर ब्लाउज पहनने के बाद अच्छे नहीं लगते हैं। लेकिन देखने में यह काफी अच्छे नजर आते हैं। ऐसे में आप भी कुछ अलग डिजाइन को देखकर टेलर से ब्लाउज तैयार करवा सकती हैं। इनको पहनने के बाद आप काफी सुंदर दिखाई देंगी।

### शर्ट स्टाइल ब्लाउज

अगर आपके ब्रेस्ट हैवी हैं तो आप शर्ट स्टाइल वाले ब्लाउज स्टाइल कर सकती हैं। साड़ी और आजकल लहंगे के साथ इस तरह के ब्लाउज काफी पसंद किए जाते हैं। पहले के समय में महिलाएं घाघरा के साथ इस तरह के ब्लाउज पहना करती थीं। लेकिन आज के समय में यह फैशन ट्रेंड बन गया। आप अपने लिए टेलर से इस तरह का ब्लाउज बनवा सकती हैं। इसमें आपको कॉलर रखवाना है या फिर आप चाहें तो राउंड में डिजाइन बनवा सकती हैं। इसमें साइड में कट लगता है। इसको वियर करने पर आपका लुक बहुत अच्छा लगेगा।फैशन का सामान बेचने वाली सबसे अच्छी दुकानें

### एम्पायर वेस्ट ब्लाउज

अगर आप अपनी वेस्ट को हाइलाइट नहीं करना चाहती हैं, तो फिर आप टेलर से एम्पायर वेस्ट डिजाइन वाले ब्लाउज को तैयार करा सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज में नीचे की ओर सिलाई की जाती है और नीचे की ओर ब्लाउज को हल्का ढीला रखा जाता है। जिसकी वजह से ब्लाउज थोड़ा सा क्रॉप टॉप की तरह नजर आता है। आप डीप में या सिंपल दोनों तरह से इसकी नेकलाइन रख सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज कैरी करने के बाद काफी अच्छे लगते हैं।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज

आप अपनी साड़ी के लिए फुल स्लीव्स डिजाइन में ब्लाउज बनवा सकती हैं। इसके लिए आपको सिंपल डिजाइन में ब्लाउज बनवाना है और स्लीव्स फुल रखनी है। इससे आपके ब्लाउज का लुक अच्छा लगेगा और आपको स्टाइलिश लुक मिलेगा।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

अपायुक्त ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामपुर उम विद्यालय पथरघट्टा का किया औचक निरीक्षण

# विद्यालय की भौतिक स्थिति में सुधार को लेकर दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती द्वारा बोरियों प्रखंड के पहाड़पुर बोरियों आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष्मान आरोग्य मंदिर राम पुर उ०म० विधालय पथरघट्टा का औचक निरीक्षण किया । उपायुक्त द्वारा पहाड़पुर बोरियों आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण के क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बहुत ही दैनिय स्थिति में पाई गई। वहीं आरोग्य मंदिर में साफ-सफाई, पानी, शौचालय जैसी मुलभूत सुविधाओं की कमी पाई गई। प्रतिनियुक्त एएनश एम के द्वारा बताया गया कि आरोग्य मंदिर में कोई भी पीएच ओ प्रतिनियुक्ति नहीं है। वहीं उपायुक्त ने बोरियों एम ओआईसी को आरोग्य मंदिर में पीएच ओ को प्रतिनियुक्त करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही संबंधित क्षेत्र के प्रधान मुखिया, पंचायत सचिव को अपने कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया।आयुष्मान प्रसव गृह केन्द्र ग्राम जिरूल का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा प्रसव कक्ष का जायजा लिया। एएनश एम के द्वारा आयुष्मान प्रसव गृह केन्द्र में विभिन्न उपकरणों से उपायुक्त को अवगत कराया गया जो अधिक महत्वपूर्ण है। वहीं उपायुक्त ने सभी उपकरणों को जल्द ही उपलब्ध कराने हेतु सिविल सर्जन को पत्र प्रेषित करने हेतु कहा गया। उम विधालय पथरघट्टा, उम विद्यालय शहरपुर का निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त द्वारा बच्चों की उपस्थिति, बच्चों को दी जा रही भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई , को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।वहीं उपायुक्त के द्वारा बोरियों प्रखंड के देव पहाड़ क्षेत्र के पहाड़िया गांव कुशताढ़ का निरीक्षण किया । वहां उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के द्वारा निर्मित किए गए जल आपूर्ति कार्यों का जायजा लिया। वहीं मुखिया द्वारा बताया गया कि बनाए गए जल मीनार की मरम्मती कराना आवश्यक है। उपायुक्त ने निर्देश करते हुए संबंधित पंचायत सचिव को 15 वीं वित्त की राशि से मरम्मती का कार्य पूर्ण करने को कहा ,पहाड़िया कल्याण दिवाकालिन प्राथमिक विद्यालय बोरियो का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त विद्यालय की भौतिक स्थिति में सुधार हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# पहली बार छात्रों ने किया ब्रह्मांड का अवलोकन

मेट्रो रेज

### एयरटेल फाउंडेशन ने टेलीस्कोप प्रदान कर छात्रों के खगोल विज्ञान के प्रति रुचि को किया प्रोत्साहित

**दुमका :** टेलीस्कोप का उपयोग करने खगोलीय पिंडों को खोजने के तरीके भी सिखाये गये संवाददाता, दुमका रानीश्वर प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुमिरदहा में पहली बार छात्रों को ब्रह्मांड का अवलोकन करने का अनोखा अनुभव प्राप्त हुआ। विशेष कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के एस्ट्रोनॉमी क्लब द्वारा किया गया, जिसमें एयरटेल फाउंडेशन ने टेलीस्कोप प्रदान कर छात्रों के खगोल विज्ञान के प्रति रुचि को प्रोत्साहित किया। सदस्यों ने शुक्र और बृहस्पति ग्रह का टेलीस्कोप के माध्यम से अवलोकन किया। छात्रों ने शुक्र ग्रह के विभिन्न चरणों, बृहस्पति ग्रह और चंद्रमा को देखकर गहरी उत्सुकता और उत्साह व्यक्त किया। छात्रों ने कहा यह पहली बार है जब उन्होंने टेलीस्कोप से ग्रहों को इतने करीब से देखा। यह एक अद्भुत अनुभव था। वहीं, एक अन्य छात्रा ने कहा शुक्र और बृहस्पति के बारे में हमने किताबों में पढ़ा था, लेकिन आज उन्हें अपनी आंखों से देख पाना बहुत रोमांचक था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को टेलीस्कोप का उपयोग करने और आकाश में खगोलीय पिंडों को खोजने के तरीके भी सिखाये गये। शिक्षकों ने शुक्र और बृहस्पति ग्रह के वातावरण, सतह और उनकी विशेषताओं पर जानकारी साझा की। आयोजन में जिला से सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक ने बच्चों को प्रोत्साहन करते हुए भारती एयरटेल फाउंडेशन के कार्य की सराहना की, बीइओ एस्थर मुर्मू ने एस्ट्रोनॉमी क्लब के बच्चों के अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए भारती एयरटेल फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। बीपीओ मोहन ठाकुर ने इस तरह के कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापन दिया। आयोजन में प्रधानाध्यापक संयुक्ता कुमारी, सुशांत घोष, मलय, कंचन मंडल, भजन कुमार सिंह इत्यादि मौजूद रहे। कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए सीखने का अवसर था, बल्कि उनके खगोल विज्ञान के प्रति प्रेम को भी बढ़ावा देने वाला साबित हुआ। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे प्रयास छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में भारती एयरटेल फाउंडेशन से प्रवेश कुमार, राजर्षी चाकी तथा राहुल कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### हत्या करने की नियत से मारपीट का आरोप एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग

**साहिबगंज :** कोटालपोखर थाना क्षेत्र के गांधी मोहल्ला निवासी विष्णुदेव मंडल ने अपनी पत्नी नुतन देवी व पुत्र राजेन्द्र मंडल के ऊपर षड्यंत्र के तहत हत्या करने की नियत से मारपीट का आरोप लगाते हुए एसपी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। विष्णुदेव ने आवेदन में बताया कि तीन दिसंबर को कोटालपोखर बाजार फाटक स्थित मिठाई दुकान के नजदीक गंभीर अपराधिक षडयंत्र कर मेरा पुत्र राजेन्द्र मंडल उर्फ राजु मंडल ने जान मारने की नियत से मेरी पत्नी नुतन देवी के कहने पर लाठी डंडा से मेरे सिर जोरदार प्रहार कर सिर फोड़ दिया और मेरा हाथ भी तोड़ दिया। गहरे जख्म आने से मैं घटनास्थल पर ही बेहोश हो गया । मुझे किसी ने उठाकर पाकुड़ सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने मेरा प्राथमिक उपचार किया। विष्णुदेव ने बताया कि मेरा पुत्र एवं पत्नी मिलकर छह लाख रुपए से अधिक अवैध निकासी कर चुके है। जिसके बारे में पूछने पर उन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। बताया कि मैं सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी हूं। मेरी जमा राशि व पेंशन राशि को हड़पने और अय्याशी करने के लिये गंभीर अपराधिक षड़यंत्र व साजिश कर उक्त घटना को अंजाम दिया गया। इसमें मेरे बेटे के साथ मेरी पत्नी भी शामिल है, क्योंकि मेरे मरने के बाद मेरी संपत्ति का लाभ मेरी पत्नी को ही मिलेगा। इन लोगों ने मेरा बैग भी ले लिया है। जिसमें मेरा आधार कार्ड, चेक बुक, पेन कार्ड, वोटर कार्ड, कपड़ा आदि है। इधर पीड़ित ने एसपी से अपनी सुरक्षा व उन लोगों पर कारवाई करने की गुहार लगाया लगाई है।

### अज्ञात युवकों ने मिलकर एक युवक के गर्दन पर ब्लेड से किया हमला, गंभीर

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के एलसी रोड निवासी मो। राजा को चार से पांच अज्ञात युवकों ने गर्दन पर ब्लेड से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल राजा किसी तरह से अपने गर्दन को दबाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचा जहां डॉक्टर की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। घायल राजा ने बताया की सदर ब्लाक के रास्ते स्टेडियम की ओर जा रहे थे। इसी दरमियान चार से पांच अज्ञात युवक आए और मारपीट करने लगे और एक ने ब्लेड से मेरे गले पर वार कर दिया। जिससे मेरा गला बुरी तरह से जख्मी हो गया और खून बहने लगा गला । किसी तरह से गार्डन दबाते हुए खून को रोक कर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचा।

### स्प्रे मशीन व पंप सेट के लिए किसान करें आवेदन : बीटीएम

**50 प्रतिशत अनुदान में स्प्रे मशीन दी जायेगी**

**दुमका :** खेती के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर मिलेंगे आधुनिक यंत्र प्रतिनिधि, मसलिया प्रखंड के तकनीकी कार्यालय के सभागार में शनिवार को किसान मित्रों की बैठक बीटीएम श्यामसुंदर सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें किसान मित्रों को रबी फसल पर विशेष ध्यान देने की बात कही गयी। मिट्टी जांच की विधि के बारे में किसान मित्रों अपने अपने क्षेत्र के किसानों की मिट्टी जांच करने का निर्देश दिया। कहा कि किसी जमीन पर ज्यादा मात्रा में कीड़ें हों, तो मिट्टी जांच कर दवा का छिड़काव करें। उन्हें कहा गया कि स्प्रे मशीन एवं पंप सेट के लिए किसानों को आवेदन देने के लिए प्रोत्साहित करें। इसमें 50 प्रतिशत अनुदान में स्प्रे मशीन दी जायेगी। बैठक सभी किसान मित्रों को नियमित रूप से उपस्थित होने को कहा गया। मौके पर किसान मित्र निताई नंदी, विजय दत्त, ओबिधान हेंब्रम, मानो सोरेन, सुनील बास्की, कार्तिक मंडल, मनोशल किस्कु, जोसेफ सोरेन, रामदेव सिंह, उमेश झा , दामोदर यादव, काशीनाथ मंडल आदि मौजूद थे।

### 21 लोगों पर नामजद व 70 -80 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभापुर डेरा में बीते शुक्रवार को जमीनी विवाद सुलझाने गये मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार व सुरक्षा बलों के ऊपर हुए हमले मामले में पुलिस के बयान के आधार पर कांड संख्या 98/ 24 के तहत 21 लोगों पर नामजद और 70 से 80 अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया हैं।

### आयुष्मान कार्ड में जुड़े 49 नये लोग

**साहिबगंज /मंडरो :** प्रखंड परिसर में केन्द्रीय योजनाओं के अनुसार आयुष्मान कार्ड बनाने की काम किया गया। जिसमें 49 नये लोगों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। वहीं एमपीडब्ल्यू अवधेश कुमार ने बताया कि कुल 49 लोगों आयुष्मान कार्ड बनाया जिसमे आगे भी कार्यक्रम चलाया जाएगा। मौके पर अमीत कुमार एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### झामुमो नेता वारिश ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**साहिबगंज :** शहर के सकरोगढ़ एसडीओ कोठी के पीछे वार्ड नंबर 19 में बिजली उपभोक्ता पिछले 5 दिनों से बिजली नहीं रहने से परेशान थे। ग्रामीणों ने बिजली समस्या के समाधान के लिए झामुमो नेता वारिश अनवर के पास आकर ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी दी। झामुमो नेता वारिश अनवर ने राजमहल विधायक एम टी राजा दूरभाष से बात कर वार्ड नंबर 19 में 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही।वही विधायक ने बिजली विभाग को 200 केवी का नया ट्रांसफार्मर वार्ड में लगाने का निर्देश दिया।वही झामुमो नेता वारिश अनवर ने नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काट कर किया।वही वार्ड में नया ट्रांसफार्मर लग जाने से पूरे क्षेत्र में खुशी का वातावरण है। इसके लिए ग्रामीणों ने विधायक एमटी राजा को धन्यवाद दिया। मौके पर मो फारूक,पप्पू केतु,सुभाष दास, गुड्डू महतो शमशेर आप्पू दास, अली अंसारी,रमीज राजा,भैरव यादव सुल्तान,सोहेब,मो अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

### विद्यालय में शिक्षकों-अभिभावकों की बैठक का आयोजन

**खूंटी।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा में शनिवार को शिक्षक-अभिभावकों का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों के अभिभावकों को राज्य सरकार के जरिये निर्देशित सभी बिंदुओं की जानकारी दी गई। परीक्षा से तैयारी, बाल विवाह और पोषण के बारे में जानाकरी दी गई। मौके पर सौ फीसदी उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।सभी बिंदु पर विद्यालय के वरीय शिक्षक कमलेश्वर शुक्ला, प्रभारी प्रधानाध्यापिका ओखा कुमारी, प्लान इंडिया के सदस्य शामिल थे। शिक्षक मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने किया पंचायतों का निरीक्षण



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार द्वारा राजमहल, तालझारी प्रखंड अंतर्गत पंचायतों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा पंचायत ज्ञान केंद्र, प्रज्ञा केंद्र, पंचायत कार्यालय बिपीआरसी कार्यालय का निरीक्षण किया गया।इसके उपरांत उनके द्वारा मुखिया एवं पंचायत सचिव के साथ बैठक किया गया तथा सभी को पंचायत वासियो के सभी कार्यो आनलाईन कार्यो को पंचायत कार्यालय से सम्पन्न कराने का निर्देश दिया ।पदाधिकारी द्वारा सभी पंचायत सचिव को पंचायत कार्यालय को पूर्ण रूप से साफ सफाई का विशेष ध्यान देने तथा पंचायत सचिवालय को प्रतिदिन खोलने का सख्त निर्देश दिया गया। इस पर प्रभारी जिला समन्वयक संदीप कुमार व प्रखंड समन्वयक अभिजीत कुमार तथा मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित रहें।

### पुलिस ने सभी घायलों को लाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पंचगढ़ झंडा मेला निवासी संतोष मुंडा व उसके स्वजनों के साथ जमीनी विवाद के मामले में बगल के ही रहने वाले कुछ लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायल अपनी शिकायत को लेकर जिरवाबाड़ी थाना पहुंचे। जहां जिरवाबाड़ी पुलिस ने सभी घायलों को अपने साथ लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंची। घायल संतोष मुंडा ने बताया कि मेरी पुश्तैनी जमीन पर मिट्टी का घर बना हुआ है। मेरी मां और मेरे नाम ने प्रधानमंत्री आवास पास करवाया था और इसी के तहत घर बनाने के लिए पुराना मिट्टी का बना घर तुड़वाया गया। उस पुश्तैनी जमीन पर घर बनाकर आगे में दुकान खोलने की सोच रहा था। पूर्व से गुर्जर उराव के साथ जमीन का मामला चल रहा था। इसी बात को लेकर गुर्जर उराव ,सोनी देवी, सहित अन्य लोगों ने लाठी डांटे व दबिया से मेरे पूरे परिवार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया ।

# नाला साफ नहीं होने से गंभीर स्थिति हुई उत्पन्न, बीमारियों का बड़ा खतरा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखण्ड अंतर्गत बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या तीन में बहुत दिनों से नाला जाम होने की वजह से नाला का पानी सड़क के ऊपर आ गया है। इसकी शिकायत वार्ड संख्या तीन के लोगों ने कांग्रेस प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार से की इस पर प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने वार्ड संख्या तीन के हरिजनपाड़ा जाकर स्थान का जायजा लिया तो पता चला कि नाला जाम होने की वजह से नाला का पानी निकासी नही हो पा रहा है। जिससे पानी सड़क के ऊपर आ गया है। पानी के ऊपर आ जाने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

साथ ही गंदा पानी जमा होने से कई बीमारियां उत्पन्न होने की आशंका है।स्थिति को देखते हुए प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने बरहरवा नगर पंचायत जाकर कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार से मुलाकात की एवं लिखित आवेदन देकर उक्त समस्या से अवगत कराया तथा यथाशीघ्र समस्या का निदान करवाने की बात कही।इस पर कार्यपालक पदाधिकारी दीपक कुमार ने आश्वासन दिया कि यथाशीघ्र समस्या का निदान किया जाएगा।साथ ही प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने गर्मी में उत्पन्न होने वाले विभिन्न समस्याओं पर भी वातालर्ाप किया तथा कई सुझाव भी दिए ताकि गर्मी आने से पहले हम नगरवासीयों को समस्याओं से जूझना ना पड़े। मौके पर मोहम्मद जाबिर,वारिस खान,मोहम्मद तबारक ,मोहम्मद मिंटू, लाडला, जासमीन खातून मोहम्मद गुलाब, आफताब, तौसीफ, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद साजिद अंसारी, मोहम्मद जाकिर, सलीम, मोहम्मद रसीद, मुसु रविदास नजमा,एवं अन्य सहित दर्जनो वार्डवासी मौजूद थे।

# पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने को लेकर निकाली जागरूकता रैली

मेट्रो रेज




**साहिबगंज /मंडरो :** प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बटखोरी के सीएच ओ मोहन सिंह जाटव के नेतृत्व में आठ दिसंबर से चलाये जानेवाली पल्स पोलियो अभियान कार्यक्रम को शत-प्रतिशत सफल बनाने को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्कूली बच्चे सहिया साथी एवं स्वास्थ्य कर्मी की उपस्थिति में भ्रमण कराया और भ्रमण के दौरान बताया गया कि 0से 5 वर्ष के बच्चों को आठ दिसंबर से 10 तक पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।इसमें अपने बच्चों को तत्पर हो कर खुराक पिलाएं जिससे राज्य व देश को पोलियो से मुक्त कराने में अपनी भागीदारी निभाने की सलाह दिया गया।मोके पर सीएच ओ नितिन चतुर्वेदी एएनएम प्रतिमा कुमारी सहिया साथी सुशीला मुर्मू एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# लाभुकों को पूरा राशन दें दुकानदार : उपप्रमुख

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह ने जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों पर हो रही अनियमितताओं पर सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने शनिवार को कहा कि लाभुकों को पूरा राशन मुहैया कराना दुकानदारों की जिम्मेदारी है। यदि राशन वितरण में कमी या कालाबाजारी की शिकायतें सत्यापित होती हैं, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रविकांत सिंह ने यह भी कहा कि संपन्न परिवारों द्वारा गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाकर गरीबों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। ऐसे मामलों की जांच कर, दोषियों पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।प्रखंड के विभिन्न पीडीएस दुकानों से लाभुकों की शिकायतें लगातार मिल रही हैं कि उन्हें निर्धारित मात्रा से कम राशन दिया जा रहा है। इस पर उप प्रमुख ने अधिकारियों को सख्ती से जांच करने का आदेश दिया और दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## डीआरडीए का जिला परिषद में विलय

**पलामू।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में समाहरणालय के ब्लॉक सी के सभागार में संपन्न हुई, जिसमें जिला परिषद के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सह डीडीसी शब्बीर अहमद ने जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह की मौजदूगी में डीआरडीए का जिला परिषद में विलय करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि दिनांक 10 जून 2024 को जारी सरकार के संकल्प संख्या 2078 में यह निर्णय लिया गया है। इस दौरान ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प पर चर्चा की गयी। बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के लिए जिला ग्रामीण विकास शाखा के गठन की स्वीकृति दी गयी है। डीआरडीए की स्थापना के बाद से ही कई केंद्रीय योजनाओं का संचालन डीआरडीए के माध्यम से किया जाता था। डीआरडीए प्रशासन के कुल 24 कर्मी अब जिला परिषद में समाहित हो जायेंगे। समाहित किये जाने वाले कर्मियों के लिए जिला परिषद में सरकार के जरिये निर्धारित शर्तों के अनुरूप वेतन भुगतान किया जायेगा। इसके साथ ही जिला परिषद बोर्ड की बैठक में राजस्व संग्रहण को द्रुत गति प्रदान करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये, जिसमें बकायेदारों को नोटिस निर्गत कर एक सप्ताह के अंदर एकमुश्त बकाया किराया जमा करने के लिए निर्देश दिया जायेगा। इसके बाद भी किराया जमा नहीं करने पर उनसे सूद सहित किराया वसूली करने के लिए केस दायर किया जायेगा तथा दुकान को यथावत सील कर खाली करवाते हुए दूसरे को आबंटित कर दिया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से 15वें वित्त आयोग मद से जिला परिषद की वार्षिक कार्य योजना 2024-25 को अनुमोदन प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे सामाजिक सुरक्षा, आपूर्ति विभाग से जुड़े विषयों, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग व अन्य विभागों की भी समीक्षा की गयी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य, प्रमुख सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# केंद्रीय अधिवेशन के सफल संचालन को लेकर झारखंड मजदूर संघ के नौ सदस्यीय कमिटी का गठन

मेट्रो रेज




**साहिबगंज/बाकुड़ी :** झारखंड मजदूर संघ प्रजा जिला कमेटी की बैठक केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव मौजूद थे। बैठक में आगामी 21दिसंबर 2024 को रेलवे मैदान बाकुडी में होने वाली केंद्रीय अधिवेशन की सफलता के बारे में चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों को 3 जॉन में बांट कर बैठक की तिथि निर्धारित की गई। 15 दिसंबर को बरहेट,पतना और बरहरवा की संयुक्त बैठक होगी। राजमहल तालझारी व उधवा की बैठक 16 दिसंबर और साहिबगंज मंडरो और बोरियो की बैठक 17 दिसंबर को होगी।वही बैठक में अधिवेशन की सफलता के लिए नौ सदस्यीय संयोजक सहित गठित की गई। मौके पर मिथुन कुमार यादव, संयोजक अर्जुन कुमार महतो,विजय मुर्मू,थॉमस मुर्मू, विनोद पंडित, मोहन मंडल,रक्षित घोष, गणेश ठाकुर, फूल कुमारी देवी, अजय रजक, विष्णु कर्मकार, लापता हांसदा, चुनू सोरेन, समयाल बास्की, बरनावास मरांडी सहित कई लोग मौजूद थे।



# रणवीर सिंह को बैंड बाजा बारात के लिए किया कास्ट

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने रणवीर सिंह की बैंड बाजा बारात की एक याद साझा की है। भूमि ने बताया कि साल 2010 में यशराज की फिल्म से डेब्यू किया। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ अनुष्का शर्मा नजर आईं। इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ही कास्टिंग डायरेक्टर रही थीं। करीना ने भूमि से पूछा कि क्या उनके पास कास्टिंग डायरेक्टर के तौर पर काम करने के दौरान की कोई मजेदार घटना है। अभिनेत्री ने जवाब दिया, ₹बैंड बाजा बारात के लिए रणवीर के ऑडिशन की मुझे बहुत अच्छी याद है। वह बहुत ही असाधारण और बेहतरीन इंसान हैं। जब वह जुहू में हमारे कास्टिंग ऑफिस में दाखिल हुए, तो आज हम रेड कार्पेट पर या लोगों से बातचीत करते समय जो ऊर्जा देखते हैं, वैसी ही ऊर्जा उस समय भी थी।₹ भूमि ने कहा, मैंने कभी किसी को ऐसे नहीं देखा जो ऑडिशन के लिए इस अंदाज में आए। मुझे याद है कि मैं उनके साथ लाइन रिहर्सल कर रही थी, वे इस दौरान बहुत अच्छे थे। उस समय मैंने उस एक सीन के करीब 100 ऑडिशन लिए थे। इस दौरान मैं ही अपनी लाइन भूल गई थी। उस समय ही मुझे लगा कि मेरे सामने जो इंसान है वो बहुत ही अच्छा है। भूमि पेडनेकर ने कहा कि उन्होंने रणवीर से भी कुछ चीजें सीखी हैं। उनके पास जो ऊर्जा और आत्मविश्वास है, वो बहुत ही खास है। जीवन में सकारात्मक रहने के लिए ये चीजें बहुत जरूरी हैं। जैसे मेरी उनसे पहली मुलाकात हुई वैसे ही मैं आज भी उनसे मिलती हूं।





# फिल्म इंडस्ट्री के मौजूदा हालातों पर आर बाल्की ने जताई चिंता

**प्रसिद्ध** निर्देशक आर बाल्की ने फिल्म इंडस्ट्री की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अधिकतर फिल्म निमार्ताओं के मन में यह भावना गहराई से बैठी हुई है कि यह उद्योग 'संकट' में है। कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 30वें संस्करण में आयोजित 'सत्यजीत रे मेमोरियल लेक्चर' में बाल्की ने कहा कि कुछ अपवादों को छोड़कर, थिएटरों में दर्शकों की संख्या कम होती जा रही है। उन्होंने कहा, 'अधिकतर फिल्म निमार्ताओं के मन में यह भावना है कि फिल्म इंडस्ट्री खतरे में है। हर चीज प्रभावित हो चुकी है, और थिएटरों में दर्शकों की संख्या घट रही है। केवल चार से पांच फिल्में ही मुनाफा कमा रही हैं, लेकिन इससे उद्योग की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है।' फिल्मों जैसे चीनी कम, पा और पैडमैन के निमार्ता बाल्की ने कहा कि 'सिनेमा के बिना मेरी जिंदगी का कोई मकसद नहीं है। लेकिन जब खुद सिनेमा संघर्ष कर रहा हो, तो इसे जारी रखना मुश्किल हो जाता है।' उन्होंने 70 के दशक की फिल्मों जैसे शोले और 20 साल पहले बनी कुछ कुछ होता है का जिक्र करते हुए कहा कि अब ऐसी मनोरंजक फिल्में नहीं बनतीं। हालिया समय में बाहुबली को उन्होंने आखिरी ब्लॉकबस्टर बताया। बाल्की ने कहा, 'कई फिल्में बेहतरीन हैं लेकिन उन्हें देखा नहीं जा रहा। वहीं बहुत सारी बेकार फिल्में देखी जा रही हैं।' उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि कहानी कहने और उसे पर्दे पर उतारने में ईमानदारी होनी चाहिए, न कि केवल प्रचार पर अधिक खर्च करके दर्शकों को आकर्षित करने का प्रयास। उन्होंने कहा कि तमिल फिल्म इंडस्ट्री में फिल्मों के निर्माण बजट पर सीमा तय करने का एक नियम लागू है, जो अन्य इंडस्ट्री को भी अपनाना चाहिए। बाल्की ने यह भी कहा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म और रील्स पर सामग्री की अधिकता हो गई है, जहां गुणवत्ता के मुकाबले मात्रा को प्राथमिकता दी जा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में बात करते हुए उन्होंने भविष्यवाणी की कि आने वाले चार से पांच वर्षों में एआई हर क्षेत्र में प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'भविष्य में हमें सिनेमा को 'मैनमेड' और 'मशीनमेड' में विभाजित करना पड़ेगा।

# पुष्पा 2 के प्रीमियर पर महिला की मौत से दुखी अल्लू अर्जुन, परिवार को 25 लाख रुपये देने की घोषणा की

**साउथ सुपरस्टार** अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' देखने के लिए फैंस की उत्सुकता चरम पर पहुंच गई है। फिल्म देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों के बाहर भीड़ लगा रहे हैं। इस बीच बीते बुधवार को हैदराबाद के 'संध्या' थिएटर में बड़ा हादसा हुआ। दर्शकों की भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई जिसमें एक महिला की मौत हो गई। इस घटना के बाद महिला के परिवार ने चिक्कडपल्ली पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। अल्लू अर्जुन और उनकी सुरक्षा टीम के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। इस पूरी घटना के बाद अल्लू अर्जुन ने इस पर दुख जताया है। महिला के परिवार को आर्थिक मदद का भी वादा किया गया है।

एक्टर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने कहा, 'संध्या थिएटर में जो हादसा हुआ, उससे मेरा दिल हिल गया है। परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि इस कठिन समय में वे अकेले नहीं हैं। मैं उनके साथ हूं। इसके अलावा मैं परिवार से भी मिलने जा रहा हूं। अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए, मैं परिवार के दुख में मदद करने के लिए हमेशा उनके साथ खड़ा हूं और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करूंगा।'

घटना पर दुख जताते हुए अल्लू अर्जुन ने आगे कहा, ₹मैं उनकी मदद के लिए हमेशा खड़ा हूं। साथ ही, मैं उनके लिए 25 लाख रुपये की राशि दान करना चाहता हूं।₹ अल्लू अर्जुन ने फिल्म देखने आ रहे दर्शकों से एक आखिरी अनुरोध भी किया है। अल्लू अर्जुन ने इस वीडियो में अपील की है कि दर्शक जब फिल्म देखने आएं तो अपना ख्याल रखें।



### एक बच्चे की हालत गंभीर

इस घटना में मरने वाली महिला का नाम रेवती है। महिला अपने पति भास्कर और दो छोटे बच्चों के साथ फिल्म देखने आई थी। उस वक्त अल्लू अर्जुन थिएटर में आये थे। अभिनेता की एक झलक पाने के लिए प्रशंसक बड़ी संख्या में उमड़ पड़े। इस भीड़ से भगदड़ मच गई जिसमें महिला की मौत हो गई। साथ ही इस हादसे में उनका नौ साल का बेटा श्रीतेज गंभीर रूप से घायल हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक, लड़के का फिलहाल सिकंदराबाद के अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

# दिव्येंदु और प्रतीक गांधी की 'अग्नि' प्राइम वीडियो पर रिलीज

**फरहान अख्तर** की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म 'अग्नि' अब प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। फरहान अख्तर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए फैंस को इसकी रिलीज की जानकारी दी। फिल्म में दिव्येंदु और प्रतीक गांधी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। 'अग्नि' साहस, सम्मान और बलिदान की कहानी को प्रस्तुत करती है, जो अग्निशामकों के संघर्षपूर्ण जीवन और उनकी वीरता पर आधारित है। इसे राहुल ढोलकिया ने निर्देशित किया है। फिल्म का पोस्टर काफी प्रेरणादायक है, जिसमें अग्निशामकों की कठिन परिस्थितियों और उनके अदम्य साहस को दर्शाया गया है। यह दर्शकों को फिल्म की गहराई और इसके भावुक पहलुओं की झलक देता है। अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध यह फिल्म दर्शकों को अपनी अनूठी कहानी और शानदार अभिनय से जोड़ने का वादा करती है। इसे अपनी सुविधा के अनुसार देख सकते हैं और इस प्रेरणादायक फिल्म का आनंद ले सकते हैं।






## दिशा पाटनी का सिजलिंग अवतार

# बॉडीकॉन ड्रेस में मचाया इंटरनेट पर तहलका

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा दिशा पाटनी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में दिशा ने हल्के नीले रंग की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, जो उनकी टोन्ड बॉडी और स्टाइलिश अंदाज को बखूबी दिखा रही है।

**मेकअप और हेयरस्टाइल का परफेक्ट कॉम्बिनेशन :** दिशा ने अपने लुक को सटल न्यूड टोन मेकअप से निखारा है। शिमरी आईशैडो और ग्लॉसी लिपस्टिक उनके लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। उनके सॉफ्ट कर्ल्स में सेट बाल उनकी खूबसूरती में और भी चार चांद लगा रहे हैं।

फैंस ने लुटाया प्यार-दिशा की इन तस्वीरों पर फैंस दिल खोलकर प्यार बरसा रहे हैं। एक फैन ने कमेंट किया, "Wow my heart!" वहीं, दूसरे ने लिखा, 'गॉर्जियस! मैं आपको बहुत मिस

# जो रूट ने टेस्ट क्रिकेट में रचा इतिहास, राहुल द्रविड़ का रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली :** इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट (खड्डी फ्ङ्क्ष्३) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक जड़ा। इस पारी में बेन डकेट और जैकोब बेथल ने क्रमशः 92 और 96 रन की बेहतरीन पारियां खेलीं, लेकिन जो रूट की इस पारी ने उन्हें एक खास उपलब्धि दिलाई। न्यूजीलैंड के खिलाफ इस पारी में अर्धशतक लगाते ही जो रूट के नाम टेस्ट क्रिकेट में कुल 100 अर्धशतक हो गए। इसके साथ ही उन्होंने भारत के महान बल्लेबाज राहुल द्रविड़ (फँ४' ङ्र१५ि) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। द्रविड़ ने अपने टेस्ट करियर में 99 अर्धशतक बनाए थे। जो रूट अब टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर आ गए हैं।




### टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक अर्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी

सचिन तेंदुलकर – 119 अर्धशतक
जैक्स कैलिस – 103 अर्धशतक
रिकी पोंटिंग – 103 अर्धशतक
जो रूट – 100 अर्धशतक

जो रूट अब जैक्स कैलिस और रिकी पोंटिंग से सिर्फ 4 अर्धशतक पीछे हैं। उन्हें इन दिग्गजों को पीछे छोड़ने के लिए 4 और फिफ्टी लगाने की जरूरत होगी। हालांकि, सचिन तेंदुलकर के 119 अर्धशतकों का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए रूट को 20 और अर्धशतक की दरकार है। सचिन तक पहुंचना रूट के लिए मुश्किल जरूर हो सकता है, लेकिन उनके मौजूदा फॉर्म और निरंतरता को देखते हुए यह असंभव नहीं है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि अपने करियर के अंत तक जो रूट कितने और अर्धशतक जोड़ पाते हैं।

# मोहम्मद सिराज ने तोड़ा विश्व रिकॉर्ड : 181.6 KMPH की स्पीड से फेंकी गेंद, शोएब अख्तर को पीछे छोड़ा

**एजेंसी**

**एडिलेड :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला शुक्रवार से एडिलेड में खेला जा रहा है. इस मैच में मोहम्मद सिराज ने 2.90 के इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें कोई सफलता नहीं मिली. अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसको साझा करते हुए दावा किया जा रहा है कि तेज गेंदबाज ने 181.6 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंद फेंकी. हम यहां आपको इसकी सच्चाई बताएंगे.



### सिराज ने डाली 181.6 किमी की स्पीड से गेंद

यह घटना ऑस्ट्रेलिया की पारी के 25वें ओवर की है. मोहम्मद सिराज ने इस ओवर की चौथी गेंद फेंकी जिस पर ब्रॉडकास्टर ने उनकी गेंद की स्पीड 181.6 किमी प्रति घंटा दिखाई. इसे देखकर हर कोई हैरान रह गया. फैंस को लगा कि भारतीय गेंदबाज ने नया रिकॉर्ड स्थापित कर दिया, लेकिन यह सच नहीं है. ब्रॉडकास्टर की गलती के कारण गलत रफ्तार स्क्रीन पर देखने को मिली.

### सिराज ने तोड़ा शोएब अख्तर का रिकॉर्ड?

मालूम हो कि, सबसे तेज गेंद फेंकने का विश्व रिकॉर्ड पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के नाम दर्ज है. उन्होंने 2003 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 161.3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी. सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें सिराज की गेंद की जो स्पीड दिखाई गई है वह इससे भी कहीं ज्यादा है. ऐसे में फैंस का दावा है कि उन्होंने शोएब अख्तर के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया. हालांकि, यह सच नहीं है. यह पूरी तरह से ब्रॉडकास्टर की गलती के कारण हुआ.

इसी ओवर में मोहम्मद सिराज और मार्नस लाबुशेन आमने-सामने आ गए थे. दरअसल, सिराज अपने ओवर की आखिरी गेंद फेंकने के लिए तैयार थे, वह रन-अप ले चुके थे. तभी लाबुशेन को साइट स्क्रीन के सामने से एक आदमी गुजरता दिखा. उन्हें अपना ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हुई तो उन्होंने सिराज को गेंद न करने से रोका. लाबुशेन के पीछे हटने से सिराज नाराज हो गए. उन्होंने गुस्से में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की तरफ गेंद फेंक दी और उन्हें स्लेज किया. इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है.

# सीरिया : देश छोड़कर भागे राष्ट्रपति बसर अल-असद

## कई शहरों पर विद्रोहियों का कब्जा

एजेंसी

**दमिश्क :** सीरिया में लंबे समय से जारी गृहयुद्ध अब निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। शनिवार को विद्रोही गुटों ने राजधानी दमिश्क के बाहरी इलाकों तक पहुंचने और देश के कई प्रमुख शहरों पर कब्जा करने का दावा किया है। इसी बीच, अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि राष्ट्रपति बसर अल-असद देश छोड़कर किसी अज्ञात स्थान पर चले गए हैं। हालांकि, सीरियाई सरकारी मीडिया ने इन खबरों को झूठा बताते हुए कहा है कि असद अभी भी दमिश्क में हैं और अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं।



विद्रोही गुटों ने बड़े पैमाने पर हमले करते हुए हमा और होम्स जैसे महत्वपूर्ण शहरों पर कब्जा कर लिया है। दमिश्क के उपनगरों में भी विद्रोही सक्रिय हो गए हैं। हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) जैसे जिहादी समूहों के नेतृत्व में यह विद्रोह असद सरकार को उखाड़ फेंकने के उद्देश्य से तेजी से आगे बढ़ रहा है। एचटीएस के प्रमुख अबू मोहम्मद अल-गोलानी ने सीएनएन से बातचीत में कहा, 'हमारा लक्ष्य असद सरकार को हटाकर सीरिया में स्वतंत्र शासन स्थापित करना है।' सरकारी सेना ने दक्षिणी प्रांतों स्वेदा और दारारा से सैनिकों को वापस बुलाकर होम्स और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों की रक्षा के लिए तैनात किया है। इसके बावजूद, विद्रोहियों की बढ़ती ताकत और तेजी ने असद सरकार को भारी दबाव में डाल दिया है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार, विद्रोही राजधानी दमिश्क को घेरने की तैयारी कर रहे हैं। मादामिया, जरामाना और दरया जैसे उपनगरों में विद्रोहियों की मजबूत उपस्थिति ने संघर्ष को और भड़काया है। विद्रोही इस अभियान को 'अंतिम चरण' के रूप में देख रहे हैं।

राष्ट्रपति असद की स्थिति को लेकर अलग-अलग दावे सामने आ रहे हैं। जहां अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स उनके देश छोड़ने की बात कह रही हैं, वहीं सरकारी मीडिया इसे खारिज कर रहा है। सीरिया का यह संकट अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। लगातार बिगड़ती स्थिति ने देश को अनिश्चितता और हिंसा के गहरे संकट में धकेल दिया है।

## उज्जैन में आज से शुरू होगा पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश के अनुसार गीता जयंती के अवसर पर आगामी 11 दिसंबर को पूरे मध्य प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जाएगा। उज्जैन में आज (रविवार) से इस महोत्वस की शुरूआत होगी। कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 12 दिसंबर तक चलेगा। महोत्सव का मुख्य समारोह राजधानी भोपाल में 11 दिसंबर को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में होगा। इसी के साथ संपूर्ण प्रदेश गीता जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालयों में श्रीकृष्ण परंपरा आधारित सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ-साथ जिला कारागार में श्रीमद्भगवद् गीता के कर्मयोग अध्याय का पाठ किया जाएगा।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि विरासत से विकास की संकल्पना के मूल विचार में सनातन परम्पराएँ, मान्यताएँ और उसके कल्याणकारी सामाजिक परिणाम रहे हैं। श्रीमद्भगवद् गीता भारतीय मनीषा के दर्शन और चिंतन का मूल आधार है, जो सद्कर्म के माध्यम से मनुष्य को अपने में ही दिव्यता का अनुभव करा देती है।

# कांग्रेस के ट्रेनिंग कैंप में शामिल होने जयपुर पहुंचे राहुल गांधी

एजेंसी

**जयपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार सुबह करीब आठ बजे एक दिन के दौरे पर जयपुर पहुंचे। राहुल गांधी जयपुर के नजदीक सामोद स्थित खेड़ापति बालाजी में कांग्रेस के 'नेतृत्व संगम' ट्रेनिंग कैंप में शामिल होंगे। सत्रह दिन पहले भी राहुल गांधी जयपुर में एक शादी समारोह में शामिल हुए थे। राहुल गांधी का एयरपोर्ट पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने स्वागत किया। कार्यक्रम के अनुसार राहुल सुबह नौ बजे ट्रेनिंग कैंप पहुंचे। राहुल दोपहर तीन बजे एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। नेतृत्व संगम में राहुल गांधी कांग्रेस कार्यकताओं से चर्चा करेंगे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह ट्रेनिंग प्रोग्राम हुआ था। माउंट आबू के स्वामी नारायण धर्मशाला में कांग्रेस के ट्रेनिंग




कैंप में शामिल हुए थे। इस ट्रेनिंग कैंप में देशभर के चुनिंदा कांग्रेस नेता शामिल हो रहे हैं। राजस्थान के कांग्रेस नेताओं को ट्रेनिंग कैंप में अनुमति नहीं है। इस कैंप में अलग-अलग राज्यों के डेलिगेट्स हिस्सा लेते हैं। कांग्रेस के इन ट्रेनिंग कैंपों में कार्यकताओं को पार्टी की मूल विचारधारा के बारे में ट्रेनिंग दी जाती है। इन कैंपों में चरखा चलाने के साथ कई तरह की एक्टिविटी करवाई जाती है। मुख्य फोकस गांधीवाद और कांग्रेस की विचारधारा पर रहता है। कांग्रेस ट्रेनिंग सेल लगातार कैंप लगाती है।

# बिहार : मशहूर शिक्षक खान सर की तबीयत बिगड़ी डिहाइड्रेशन और बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती

एजेंसी

**पटना।** बिहार के प्रसिद्ध कोचिंग शिक्षक खान सर की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार, उन्हें डिहाइड्रेशन और बुखार की शिकायत थी। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है और वे डॉक्टरों की निगरानी में हैं। खान सर हाल ही में पटना के गर्दनीबाग में बीपीएससी उम्मीदवारों के साथ परीक्षा नियमों में बदलाव के विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। इस प्रदर्शन में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज भी किया गया था।



प्रदर्शन के दौरान यह चर्चा फैल गई थी कि खान सर को हिरासत में लिया गया है। हालांकि, पटना पुलिस ने इस अफवाह को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि उन्हें हिरासत में नहीं लिया गया। पुलिस ने उन्हें उनके वाहन के पास सुरक्षित छोड़ दिया था। प्रदर्शन के अगले दिन, शनिवार को, खान सर के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की गई। इसमें आरोप लगाया गया कि उनके ट्विटर हैंडल से फर्जी पोस्ट किए गए, जिससे छात्रों को गुमराह करने का प्रयास किया गया।

प्रदर्शन और अफवाहों के कारण खान सर की तबीयत और बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। खान सर के खराब स्वास्थ्य की खबर सुनकर उनके समर्थक और छात्र चिंतित हैं। सभी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। खान सर ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सरल और अनूठी शैली से लाखों छात्रों को प्रेरित किया है, जिसके कारण वे छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं।

# हिमाचल प्रदेश में भीषण शीतलहर, लाहौल-स्पीति में -13 डिग्री पारा, शिमला में सीजन की सबसे सर्द रात

एजेंसी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस समय भीषण सर्दी की लहर चल रही है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तक भयंकर सर्दी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। राज्य के कई हिस्सों में तापमान शून्य से नीचे गिर गया है और बिना बारिश-बर्फबारी के लोगों को कड़ी शुष्क ठंड का सामना करना पड़ रहा है।

### लाहौल-स्पीति, किन्नौर और शिमला जिलों में माइनस में तापमान

हिमाचल के उच्च पर्वतीय इलाकों में रात का तापमान माइनस में बना हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक लाहौल-स्पीति, किन्नौर और शिमला जिलों में न्यूनतम तापमान माइनस में रिकार्ड किया गया। शिमला शहर का पारा इस सीजन में पहली बार 3 डिग्री




सेल्सियस से नीचे पहुंच गया। लाहौल-स्पीति के ताबो में सीजन की सबसे सर्द रात रही, जहां पारा -13.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी जिला के कुकुमसेरी में -6.9 डिग्री, किन्नौर के रिकांगपिओ में -1 डिग्री और शिमला के नारकंडा में -0.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। एक दर्जन शहरों का पारा शून्य व इसके करीब पहुंच गया है। भुंतर व सियोबाग में शून्य डिग्री, बजुआरा में 0.1 डिग्री, मनाली में 0.2 डिग्री, कुफरी में 0.4 डिग्री, सोलन व बरठीं में 0.5 डिग्री, भरमौर में 0.8 डिग्री, ऊना में 1 डिग्री, सुंदरनगर में 1.9 डिग्री, हमीरपुर में 2.1 डिग्री, शिमला में 2.8 डिग्री, बिलासपुर में 3.1 डिग्री, मंडी में 3.2 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 3.8 डिग्री, कांगड़ा में 4.5 डिग्री औ? धर्मशाला में 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ है। पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य का औसतन न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री नीचे रिकार्ड हुआ।

### मौसम विभाग का पूवार्नुमान, आज से बादलों के बरसने की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार आज से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव आएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी व मैदानों में बारिश होगी। विभाग ने आठ मैदानी व मध्यवर्ती जिलों में बादलों के गरजने व आसमानी बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया है। नौ दिसम्बर को भी बारिश व बर्फबारी होने की सम्भावना है। 10 दिसम्बर को मध्यपर्वतीय व उच्च पर्वतीय इलाकों में मौसम खराब रहेगा, जबकि मैदानी भागों में मौसम साफ रहेगा। 11 से 14 दिसम्बर तक पूरे राज्य में मौसम के साफ रहने का अनुमान है। विभाग ने 10 व 11 दिसम्बर को मंडी और बिलासपुर जिलों के मैदानी इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी दी है। बारिश-बर्फबारी से तापमान में और ज्यादा गिरावट आने से सर्दी का असर तेज होगा।

# मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले की तलाश में जुटी पुलिस



एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी शनिवार की रात पुलिस को मिली। एक घंटे के सर्च ऑपरेशन में पुलिस के हाथ कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं लगी। अब पुलिस उस व्यक्ति की तलाश में है, जिसने स्टेशन को बम को उड़ाने की धमकी दी है। हजरतगंज के एसीपी विकास जायसवाल ने बताया कि शनिवार की रात 11 बजे पुलिस कंट्रोल रूम पर एक व्यक्ति ने फोन कर हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके बाद एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह, एसीपी हजरतगंज, हुसैनगंज पुलिस, बम निरोधक दस्ता और फायर ब्रिगेड की टीम ने सघन चेकिंग शुरू की। स्टेशन पर कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। उन्होंने बताया कि जिस व्यक्ति ने फोन से धमकी दी उस नंबर को सर्विलांस पर लगाया है। मोबाइल फोन बंद है। उसकी लोकेशन हुसैनगंज मिली है। पुलिस धमकी देने वाले युवक की तलाश में जुटी हुई है।

# बांग्लादेश में फिर एक इस्कॉन मंदिर में आगजनी, हिंदुओं पर हमले बढ़े



एजेंसी

**ढाका/कोलकाता ।** बांग्लादेश के ढाका जिले के धौर गांव में शनिवार देर रात अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के एक मंदिर को अज्ञात हमलावरों ने आग के हवाले कर दिया।इस्कॉन बांग्लादेश के महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने बताया कि मंदिर की टिन की छत को उठाकर उसमें आग लगाई गई। उन्होंने कहा, 'आग को जल्दी बुझा दिया गया, लेकिन एक मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई और पर्दे जल गए।' वारदात शनिवार की है।

वहीं, इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने इस घटना की कड़ी निंदा की और बताया कि धौर गांव में इस्कॉन नमहट्टा केंद्र को पूरी तरह जला दिया गया। उन्होंने कहा, 'मंदिर में स्थापित श्री राधा-कृष्ण और श्री महाभाग्य लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों सहित वहां रखी सभी चीजें जलकर खाक हो गईं। 'दास ने जानकारी दी कि यह घटना सुबह दो से तीन बजे के बीच घटी। उन्होंने बताया, 'मंदिर के पीछे की ओर से टिन की छत उठाकर उसमें पेट्रोल या ऑक्टेन डालकर आग लगाई गई।'

### हिंदुओं पर बढ़ते हमले


बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। हाल ही में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद यह स्थिति और तनावपूर्ण हो गई है। चिन्मय कृष्ण दास, जो पहले इस्कॉन बांग्लादेश के सदस्य थे, अब बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोटे संगठन के प्रवक्ता हैं। उन्हें 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था। 26 नवंबर को जब उनकी जमानत खारिज की गई, तो चटगांव में उनके समर्थकों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में सहायक सरकारी अभियोजक सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या हो गई।

### भारत-बांग्लादेश संबंधों में तनाव

हाल में हिंदुओं पर बढ़ते हमलों और चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के विरोध में भारत के त्रिपुरा राज्य में प्रदर्शनकारियों ने अगरतला में बांग्लादेशी मिशन पर धावा बोला। इसके बाद बांग्लादेश विदेश मंत्रालय ने भारतीय दूतावास को तलब कर विरोध जताया।असम में विरोधइधर, भारत के असम राज्य में बराक वैली होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने घोषणा की है कि वे बांग्लादेश के किसी भी नागरिक को तब तक ठहरने की अनुमति नहीं देंगे, जब तक वहां अल्पसंख्यकों और हिंदुओं पर हमले नहीं रुकते। बराक वैली के तीन जिले - कछार, श्रीभूमि (पूर्ववर्ती करीमगंज) और हेलकांडी - बांग्लादेश के सिलहट क्षेत्र से 129 किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों से दोनों देशों के संबंध और खराब हो सकते हैं। भारतीय और बांग्लादेशी समुदाय में इस मुद्दे पर भारी रोष है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### प्रधानमंत्री सोमवार को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार 9 दिसंबर को राजस्थान और हरियाणा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को बताया कि प्रधानमंत्री 9 दिसंबर को जयपुर जाएंगे और सुबह करीब 10:30 बजे जयपुर प्रदर्शनी एवं सम्मेलन केंद्र (जेईसीसी) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री इसके बाद हरियाणा जाएंगे और दोपहर करीब 2 बजे पानीपत में महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप ह्यबीमा सखी योजनाह्व का शुभारंभ करेंगे। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की यह पहल 18-70 वर्ष की आयु की उन महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई है, जो दसवीं कक्षा पास हैं। वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए उन्हें पहले तीन वर्षों के लिए विशेष प्रशिक्षण और वजीफा दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद, वे एलआईसी एजेंट के रूप में काम कर सकती हैं और स्नातक बीमा सखियों को एलआईसी में विकास अधिकारी की भूमिका के लिए योग्य होने का अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। 495 एकड़ में फैले मुख्य परिसर और छह क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों की स्थापना 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से की जाएगी। विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए एक बागवानी महाविद्यालय और 10 बागवानी विषयों को कवर करने वाले पांच स्कूल होंगे। यह बागवानी प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए फसल विविधीकरण और विश्व स्तरीय अनुसंधान की दिशा में काम करेगा।

### नमंत्री ने जॉर्ज जैकब कूवाकड को कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर खुशी जताई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जॉर्ज जैकब कूवाकड को रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। पोप फ्रांसिस द्वारा महामहिम जॉर्ज जैकब कूवाकाड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाए जाने पर मुझे बहुत खुशी है। महामहिम जॉर्ज कार्डिनल कूवाकाड ने प्रभु यीशु मसीह के एक उत्साही अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।'

### मणिपुर में हथियार और विस्फोटक बरामद



**इंफाल।** भारत-म्यांमार के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा बलों की तरफ से चलाए जा रहे सघन अभियान के दौरान व्यापक पैमाने पर हथियार और विस्फोटक बरामद किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में मणिपुर पुलिस ने रविवार को बताया कि सीमावर्ती कांगपोकपी जिले में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। तलाशी अभियान के दौरान एक 7.62 मिमी स्नाइपर राइफल, तीन पिस्तौल, एक .303 बोल्ट एक्शन राइफल, पांच 36 हैंड ग्रेनेड, पांच स्टारडाइन 90 विस्फोटक, चार इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, दो 9 मिमी राउंड, पांच 7.62 मिमी राउंड, पांच .22 राउंड, चार 7.65 राउंड, तीन .303 राउंड, तीन आर्मिंग रिंग, एक रबर राउंड, एक मिनिफ्लेयर कार्ट्रिज, पांच दंगारोधी गोले और एक बाओफेंग रेडियो सेट एल जंगनोमफाई, कांगपोकपी जिले से बरामद किया गया। अभियान जारी है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का तीन दिवसीय रूस दौरा आज से

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 8-10 दिसंबर तक तीन दिवसीय रूस की यात्रा पर आज मॉस्को रवाना होंगे। इस दौरान 10 दिसंबर को मॉस्को में राजनाथ सिंह और रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य एवं सैन्य तकनीकी सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। बैठक में भारत-रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और औद्योगिक साझेदारी सहित विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 9 दिसंबर को कलिनिनग्राद स्थित यंत्रा शिपयार्ड में भारतीय नौसेना की नई बहु-भूमिका वाली स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशील को कमीशन करेंगे। इस ऐतिहासिक मौके पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी उनके साथ रहेंगे। आईएनएस तुशील तलवार क्लास का स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है जिसे प्रोजेक्ट 11356 के नाम से भी जाना जाता है। इसका निर्माण और डिजाइन रूस ने किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में एक की मौत

**चान्हो:** थाना क्षेत्र के बिजुपाड़ा-खलारी मार्ग पर शनिवार को हुए एक सड़क हादसे में 58 वर्षीय नारायण भुइंया की मौत हो गई। मृतक टंडवा थाना क्षेत्र के भुइंया टोली के निवासी थे। जानकारी के अनुसार नारायण भुइंया पिकअप वैन में सवार होकर रांची से टंडवा स्थित अपने घर जा रहे थे। शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे चोड़ा गांव के पास वैन के ड्राइवर को झपकी आ गई, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराया। हादसे में नारायण भुइंया को गंभीर चोटें आईं, और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद पिकअप वैन का चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची स्थित रिम्स भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और फरार चालक की तलाश जारी है।

### भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित




**मांडर:** प्रखंड के कंदरी स्थित भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग और भारती कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ। सुजीत कश्यप (मेडिकल ऑफिसर, सीएचसी रातु) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट अतिथियों में सरोज शाह, छवि सिन्हा (अध्यक्ष, भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स), नितिन पराशर (सचिव, भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स), और डॉ। दीपाली पराशर (शैक्षणिक सचिव, भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स) शामिल हुए।

समारोह के दौरान नर्सिंग छात्रों ने नर्सिंग के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की शपथ ली। उपस्थित अतिथियों ने छात्रों को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि संस्थान के उद्देश्यों और मूल्यों को आगे बढ़ाने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बना।

### कॉस्टेंट लीवन्स स्कूल ऑफ नर्सिंग में दीक्षांत समारोह



**मांडर:** प्रखंड के मांडर मिशन स्थित कॉस्टेंट लीवन्स स्कूल ऑफ नर्सिंग में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2021-2024 में नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने वाली 31 छात्राओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल सिस्टर फ्लोरिया मिंज ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में समर्पण और निष्ठा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर डायरेक्टर फादर जॉर्ज, फादर सीजो, और अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम ने नर्सिंग की पढ़ाई पूरी करने वाली छात्राओं के प्रयासों और उपलब्धियों को सराहने का अवसर प्रदान किया और उनके आगे के सफर के लिए प्रेरणा दी। समारोह ने छात्रों और संस्थान के सदस्यों के बीच हर्ष और उत्साह का माहौल बनाया।

### गोविंदपुर में एनएच पर जाम की समस्या दूर करने की कवायद शुरू

**सड़क जाम का जायजा लेने पहुंची टीम**

**धनबाद :** जिले के गोविंदपुर में रोज लगने वाले जाम की समस्या से निबटने व एनएच पर हादसे रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था पीयूष सिन्हा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय टीम ने गोविंदपुर में एनएच-2 (जीटी रोड) का निरीक्षण किया। टीम ने वाहनों के आवागमन, जीटी रोड जाम की समस्या व जीटी रोड के अधूरे निर्माण का जायजा लिया। गोविंदपुर ऊपर बाजार मोड़, सुभाष चौक व साहिबगंज मोड़ फकीरडीह पर वाहनों का आवागमन सुचारू करनेके संबंध में विचार- विमर्श किया।

गोविंदपुर थाना के आगे सर्विस लेन में वर्षों से पड़ीं जब्ज गाड़ियों को भी देखा। टीम ने जीटी रोड के दोनों किनारे सर्विस लेन की स्थिति देखी। सड़क का निर्माण अधूरा रहने के कारणों के बारे में जानकारी ली। एनएचएआई के अधिकारियों ने टीम को बताया कि सड़क के अतिक्रमण के कारण सर्विस लेन का निर्माण नहीं हो पा रहा है और नालियां भी अधूरी पड़ी हैं। टीम में एसडीओ राजेश कुमार, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे, डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती, ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, दुगार्पुर के परियोजना निदेशक मनीष कुमार शामिल थे।

### चोरी की घटनाओं पर लगाए अंकुश : एसपी




**धनबाद:** ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिला के वरीय पदाधिकारी समेत विभिन्न थाना के प्रभारी व ओपी प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित एटीएम, आभूषण प्रतिष्ठानों में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगे रक्षक एप में नियमित रूप से स्कैन करने का निर्देश दिया। कहा कि अपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत इलाकों में स्थित एटीएम, आभूषण प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप समेत अन्य जगहों पर रक्षक एप का स्कैनर लगाया गया है। उन्होंने सभी पेट्रोलिंग पार्टियों को नियमित रूप से स्कैन कर इलाके में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में एसडीपीओ बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, डीएसपी मुख्यालय टू धीरेंद्र नारायण बंका, डीएसपी विधि व्यवस्था नौशाद आलम, डीएसपी साइबर संजीव कुमार समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**लंबित मामलों का निष्पादन में लाये तेजी, क्राइम को रोंके :** ग्रामीण एसपी ने विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन तथा जांच में तेजी लाने व तय समय में चार्जशीट समर्पित करने का निर्देश दिया। एनएच पर पर निरंतर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एसपी ने चिंता व्यक्त की और सड़क हादसों के रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने व स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर सड़क हादसों को रोकने एवं क्षेत्र को जाम मुक्त करने की दिशा में ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# भगेरिया फाउण्डेशन परिवार समाज व लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत: विनय मिश्र



ज्योति पाठक

**चक्रधरपुर:** समाज में सकारात्मक कार्यों से जनमानस के बीच लोगों को बेहतर वातावरण, समुचित अवसर और सामाजिक कार्यों को प्रोत्साहित करने के दायित्व का भगेरिया फाउण्डेशन परिवार भली भांति और कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहा है। उक्त बातें पत्रकार बिनय मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि भगेरिया परिवार द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता समारोह के कार्यक्रम में कही। श्री मिश्र ने कहा कि यह अति प्रसन्नता और गौरव की बात है कि यह परिवार उनके व्यवसायिक सहयोगी के रूप में कार्यरत, कामगार और यहां के मजदुर भाई इस परिवार से हार्दिक रूप से जुड़े हैं। खेलकूद कार्यक्रम से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक रूप से हमें बेहतर करने की अवसर भी मिलते हैं। इसलिए हमें हमेशा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि हम खेलकूद कार्यक्रम में अवश्य इसका हिस्सा बनें। श्री मिश्रा ने भगेरिया परिवार के प्रमुख बिनोद भगेरिया, मनोज भगेरिया, प्रमोद भगेरिया एवं समस्त परिजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिवार हमेशा जनसरोकार कार्यों से जुड़ा रहा है और अपनी दमदार सहभागिता से लोगो के लिए प्रेरणासत्रोत है। उन्होंने कहा कि उनका जीना जीना नहीं जो जिये सिर्फ अपने लिए । जीना उनका जीना है जो जिये सबो के लिए। श्री मिश्र ने सफल प्रतियोगियों के बीच पुरस्कार भी बांटा।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बनाया हाइड्रोलिक ब्रिज का मॉडल



**जादूगोड़ा :** शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल, धर्मडीह में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने कोलकाता के हाइड्रोलिक ब्रिज, न्यूक्लियर पावर प्लांट, प्रदूषण मुक्त ग्रैविटी बैटरी बेस्ड इलेक्ट्रिक जनरेटर समेत दर्जनों मॉडल पेश किए। स्कूल के छात्र अंशु तिवारी, श्री उरांव, इनाम खान (शिक्षक), कमल किशोर भक्त, आशीष मुर्मू, रौशन यादव, सोमा रोहीदास, ममता महाकुड, सरस्वती कुमारी ने मॉडल के जरिए अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। मुख्य अतिथि श्रीनाथ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर आलोक राज, घाटशिला कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर विकास मुंडा, सर्जेश तिवारी, भारतीय स्टेट बैंक की शाखा प्रबंधक प्राची दास ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि को सराहा। स्कूल के निदेशक मुद्रिका शर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा बाहर आती है। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## जीआरपी थाना प्रभारी सोहेल खान ने अपनी कुशल कार्यप्रणाली से बनायी है सशक्त पहचान



बिनय मिश्रा

**चक्रधरपुर:** पुलिस शब्द सुनते ही वर्दी, डांटफटकार, रोबदार चेहरा, आँखों के सामने तैरने लगता है। किन्तु कुछ ऐसे पुलिस अधिकारी भी होते हैं जिनमें अपने कार्यों के प्रति तत्पर्ता जनमानस के लिए सदैव सहज रूप से उपलब्ध एवं लोगों की समस्याओं की जानकारी मिलते ही उसके निस्पादन हेतु हर संभव गंभीर प्रयास और सकारात्मक परिणाम ही उनकी पहचान होती है। जी हाँ! हम बात कर रहे हैं राजकीय रेल पुलिस चक्रधरपुर के थाना प्रभारी सोहेल खान, की जिनकी सशक्त पहचान यही है। श्री खान जब से जीआरपी थाना प्रभारी के रूप में योगदान दिया है उस समय से ही उनके बेहतर कार्यप्रणाली के फलस्वरूप जीआरपी अपने कार्यों को बेहतर ढंग से सम्पादित करते आ रहे हैं। श्री खान अपने दायित्व के निर्वहन भली भांति करने के साथ-साथ मानवता और संवेदना के कार्यों को भी भरपुर गति दे रहे हैं तथा सामाजिक सरोकार से भी जुड़े रहने वाले पुलिस अधिकारी हैं। रात्रि बेला में असहाय, वृद्ध और लाचार लोगों के बीच भोजन वितरण कार्यक्रम में उपस्थिति तथा समय-समय पर लोगों की मदद कर यह भी संदेश दिया है कि पुलिस उनकी सच्ची और अच्छी मित्र हे। कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम भी ऐसे पुलिस अधिकारियों के कार्य को बेहतर मानते हुए ऐसे कार्य की सराहना भी की है। इसी के फलस्वरूप हम कह सकते हैं कि ऐसे पुलिस अधिकारी विभाग के लिए गौरव हैं।

## मंईयां सम्मान योजना के लिए महिलाओं की लगी लंबी कतार, हंगामा



**धनबाद:** मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए अंचल कार्यालयों में भीड़ लग रही है। शनिवार को धनबाद अंचल कार्यालय में महिलाओं की भारी भीड़ हुई। अंचल कार्यालय गेट से लेकर सड़क तक महिलाओं की लंबी कतार थी। कतार अव्यवस्थित होने के कारण हंगामा शुरू हो गया। महिलाओं में तू-तू-मैं-मैं होती रही। लाइन में घुसने को लेकर भी हो-हल्ला हुआ। हालांकि पुलिस के पहुंचने के बाद महिलाएं शांत हुई। अंचल कार्यालय खुलने से पहले से ही महिलाओं की कतार लग गयी। शाम पांच बजे तक यहां लाइन लगी रही। लाइन में लगी महिलाओं ने बताया कि उन्हें शुरू में महिला सम्मान योजना का पैसा मिला, लेकिन दूसरे माह से खाता में पैसा नहीं आया। बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं भी थीं, जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन तो कर दिया है, पर हार्ड कॉपी जमा नहीं हुई है। इसलिए हार्ड कॉपी जमा कर अपडेट कराने पहुंची थीं।

### ग्रामीणों ने पीएलएफआई उग्रवादियों के खिलाफ छेड़ा जन आंदोलन

## 15 हजार से ज्यादा ग्रामीण तीर-धनुष, तलवार और पारंपरिक हथियार के साथ सड़क पर उतरे



> ग्रामीणों की ओर से उग्रवादियों के खिलाफ चलाए जा रहे सेंदरा अभियान की सूचना है। जांच के लिए तीन थाने की पुलिस टीम इलाके में गई है। गोइलकेरा, गुदड़ी और आनंदपुर के थानेदार जवानों के साथ सेरेगदा में कैंप कर रहे हैं।
>
> **आशुतोष शेखर, एसपी, चाईबासा**

**चाईबासा:** पश्चिमी सिंहभूम जिले में ग्रामीणों ने पीएलएफआई उग्रवादियों के खिलाफ सबसे बड़ा जन आंदोलन छेड़ दिया है। पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदड़ी-गोइलकेरा इलाके के 100 गांवों के 15 हजार से ज्यादा ग्रामीण तीर-धनुष, तलवार और पारंपरिक हथियार के साथ सड़क पर उतर गए हैं।ग्रामीण चार दिन से इन इलाकों में पहाड़ी के 40 किमी दायरे में ऑपरेशन सेंदरा (शिकार) चला रहे हैं। इस क्रम में ग्रामीणों ने पीएलएफआई के ग्रुप लीडर मेटा टाइगर को तीर से मार गिराया है।हालांकि आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।मेटा टाइगर पूर्व उग्रवादी शनिचर सुरीन (अब मृत) का भतीजा था। ग्रामीण पांच अन्य उग्रवादियों की भी तलाश कर रही है। हालांकि इनमें चार के मारे जाने की चर्चा है, लेकिन कोई पुष्टि नहीं कर रहा। ग्रामीणों के इस आंदोलन को देखते हुए तीन थानों की पुलिस सेरेंगदा में कैंप कर रही है। इधर, शनिवार को सेरेंगदा बाजार बंद रहा।

यह मामला बालू के अवैध धंधे से शुरू हुआ। बालू उठाव को लेकर उग्रवादियों ने 24 नवंबर को गिरू गांव के बिनोद तांती व घनसा टोपनो की हत्या कर दी थी। दो दिन बाद 26 नवंबर को भरडीहा बाजार में सेरेंगदा के नमन लोमगा को भी मार डाला। इन तीन युवकों की हत्या के बाद भी उग्रवादियों पर पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीणों ने खुद ही हथियार उठा लिया और उग्रवादियों का सेंदरा शुरू कर दिया। गौरतलब है कि जनवरी 2021 में गुदड़ी के बुरूगुलीकेरा गांव में ग्रामीणों ने सात लोगों को मार डाला था।

जन आंदोलन चला रहे गांवों में अघोषित कर्फ्यू जैसा माहौल है। गुदड़ी के 40 किमी दायरे के पहाड़ी गांवों में बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक लगा दी है। मोबाइल लेकर आना-जाना वर्जित है। सेंदरा अभियान में शामिल लोग भी अपने पास मोबाइल फोन नहीं रख सकते। इलाके के हर गांव के हर परिवार के दो सदस्यों का इस अभियान से जुड़ना अनिवार्य है। जो परिवार नहीं जुड़ेगा, उनसे जुमार्ना वसूला जाएगा। उनका सामाजिक बहिष्कार भी हो सकता है। केवल शिक्षकों को गांवों में आने-जाने की छूट दी गई है। हालांकि वे भी मोबाइल का इस्तेमाल नहीं कर सकते। सिर्फ स्कूल आ जा सकते हैं।वहीं मीडिया को भी मोबाइल,कैमरा अन्य उपकरण पर प्रतिबंध किया है। इस इलाके में सेरेंगदा, सौरली, टोमडेल, सिमको, गिरू, गुदड़ी, बुरूकेल, बांदू जैसे 100 से ज्यादा गांव हैं। जहां जाएंगे, ग्रामीण पारंपरिक हथियारों से लैस दिखेंगे। गुदड़ी इलाके में कोयल नदी पर कई बालू घाट हैं। घाटों से बालू उठाव में पीएलएफआई उग्रवादियों को पैसे मिलते थे। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी और शनिचर सुरीन व जिदन गुड़िया के मारे जाने के बाद उग्रवादी यहां कमजोर हुए थे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन ने किया रामगढ़ का दौरा, अधिकारियों को दिये निर्देश



**रामगढ़:** राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग भारत सरकार अजय टम्टा ने शनिवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परिसदन रामगढ़ में आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। मौके पर सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त द्वारा मंत्री को पुष्प कुछ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर रामगढ़ जिले में उनका स्वागत किया गया। बैठक के दौरान राज्य मंत्री के द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत रामगढ़ जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान मंत्री को जानकारी दी गई की आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह जारी होने वाले रैंकिंग में अगस्त माह की रैंकिंग के अनुसार रामगढ़ जिले को 112 जिलों में 75वां स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत जून माह की रैंकिंग में रामगढ़ जिले को 500 में 50वां स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य मंत्री ने स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। सूचकांकवार किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, परियोजना निदेशक आत्मा सहित अन्य अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी सेविकाओं आदि के माध्यम से उनके पोषण के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सदर अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों, स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट आदि की जानकारी देते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को किसी बीमारी की पहचान शुरूआत में करने एवं उनके उपचार के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया।

### कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम व जागरूकता विषय पर कार्यक्रम,बीसीसीएल डीपी ने कहा-

# नारी का सम्मान सर्वोपरि, उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता



संवाददाता

**धनबाद:** बीसीसीएल के सामुदायिक भवन, कोयला नगर में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम और जागरूकता विषय पर कार्यक्रम हुआ। बीसीसीएल की पोश समिति (प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरेसमेंट) की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सह पूर्व महाप्रबंधक, आईआईसीएम डॉ किरण, विशिष्ट अतिथि सह दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष मिली दत्ता व बीसीसीएल के डीपी मुरली कृष्ण रमैया ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही राष्ट्रगान व कोल इंडिया गीत के अभिवादन माध्यम से कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। स्वागत भाषण में बीसीसीएल के डीपी ने कहा : हमारे समाज में नारी का सम्मान हमेशा सर्वोपरि रहा है। कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। मुख्य अतिथि डॉ किरण ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी। दीक्षा महिला मंडल की उपाध्यक्ष पूर्बिता रमैया ने बीसीसीएल द्वारा आयोजित कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपसी सम्मान और संवेदनशीलता से कार्यस्थलों को सुरक्षित और समावेशी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल, कोयला नगर के छात्रों ने स्वागत गीत और शिव शंकर नृत्य प्रस्तुत किया।

**लघु नाटकों ने दिया यौन उत्पीड़न रोकथाम के संदेश :** नर्सिंग छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक व सिजुवा तथा पुटकी बलिहारी क्षेत्र की टीमों ने लघु नाटकों के माध्यम से यौन उत्पीड़न रोकथाम के संदेश को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में दीक्षा महिला मंडल की उपाध्यक्ष पूर्बिता रमैया, रंजना सिंह व नमिता सहाय के साथ-साथ सीएमएस डॉ वंदना ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रही। मौके पर डॉ पद्मजा, डॉ अमिता बागची, डॉ मंजरी सिंह, एसजे कुजूर, महाप्रबंधक (कार्मिक) कुमार मनोज, महाप्रबंधक (कल्याण) सरोज पांडे, विभागाध्यक्ष (विधि) डॉ केएस सिन्हा, विभागाध्यक्ष (अधिकारी स्थापना) सत्यप्रिय रॉय, विभागाध्यक्ष (प्रशासन) सुरेन्द्र भूषण, डॉ झूलन मुखर्जी, रवि कुमार, अर्चना, प्रभात कुमार के अलावा बड़ी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।